Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 181 | शुक्रवार, 10 जुलाई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दिल्ली और महाराष्ट्र में ढहीं इमारतें, उत्तराखंड से गुजरात तक देश के कई राज्यों में आफत की बारिश

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली, मुंबई, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल और हिमाचल प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश का कहर जारी है। भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव, बाढ़ भूस्खलन और यातायात बाधित होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

मंगलवार से दिल्ली-एनसीआर में बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने 17 राज्यों में भीषण बारिश के साथ आंधी और तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। बारिश और बाढ़ के कारण कहां कितना हुआ नुकसान? आइए जानते हैं देशभर के अलग-अलग राज्यों का हाल...

## महाराष्ट्र में 300 सिलिंडर पानी में बहे

महाराष्ट्र के रायगढ़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें 3 हजार LPG सिलेंडर पातालगंगा नदी में बहते हुए दिखाए दे रहे हैं। यह वीडियो रायगढ़ में HPCL पातालगंगा LPG बॉटलिंग प्लांट का है। अधिकारियों के अनुसार, प्लांट की दीवार गिर गई। इसके बाद बाढ़ का पानी सीधे प्लांट के अंदर घुस गया और इसके कारण हजारों सिलिंडर बहकर पातालगंगा नदी और खारपाड़ा क्रीक में चले गए। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ में कचरे का बड़ा ढेर गिरने से एक तीन मंजिला इमारत ढह गई, जिसमें 16 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई है। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं।

महाराष्ट्र में लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और कई स्थानों पर जलभराव तथा भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। नासिक में गोदावरी नदी उफान पर है। वहीं, मुंबई में भारी बारिश के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं।

## दिल्ली में 4 लोगों की मौत

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-16 में एक पांच मंजिला नवनिर्मित इमारत बुधवार शाम को गिर गई। इमारत के मलबे में दबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के लिए दिल्ली में मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है। अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। इसके साथ ही बिजली चमकने और तीव्र बारिश होने की संभावना है। गुरुवार सुबह, 9 जुलाई 2026 को नई दिल्ली के जंगपुरा में बारिश के दौरान लोग पानी से भरे अंडरपास से गुजरते हुए।




## मध्य प्रदेशः पानी में बहा युवक

बीते बुधवार को मध्य प्रदेश के 27 जिलों में भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा दमोह में 1.75 इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण नदियों के जलस्तर बढ़ने लगे हैं। इस बीच खरगोन में रूपारेल नदी के तेज बहाव में एक युवक बह गया।

## केरल में 5 लोगों की मौत

केरल के वायनाड में सुरंग सड़क निर्माण स्थल पर हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। एक शव बरामद किया गया है, चार लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

यह भूस्खलन 7 जुलाई को वायनाड और कोझिकोड जिलों को जोड़ने वाली अनाक्कोम्पोयिल-मेप्पडी सुरंग परियोजना स्थल के पास हुआ। लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

वायनाड जिले में अनाक्कम्पोयिल-कल्लाडी-मेप्पाडी ट्विन टनल प्रोजेक्ट (जो अभी बन रहा है) के पास हुए भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुआ एक घर दिखाई दे रहा है। इस घटना के बाद लगातार तीसरे दिन भी बचाव कार्य जारी है।

## उत्तराखंड में भूस्खलन



उत्तराखंड में भी भारी बारिश का कहर जारी है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बुधवार को भारी बारिश हुई। उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, टिहरी में बुधवार को NH-707A पर दुकानों के पास लैंडस्लाइड में एक मकान गिर गया।

## गुजरात के सूरत में कम से कम 13 लोगों की मौत



गुजरात के सूरत में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बुधवार को कई जगहों पर घरों, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और दुकानों में घुस गया। सूरत के निचले इलाकों से 3,400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया और 3,800 से ज्यादा लोगों को दूसरी जगहों पर भेजा गया। बुधवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में सूरत में आई बाढ़ में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में से अधिकतर की मौत डूबने से हुई। सबसे अधिक मौतें डिंडोली पुलिस थाना क्षेत्र से दर्ज की गईं, जहां 59 वर्षीय एक व्यक्ति सहित चार शव बरामद किए गए।

## यूपी में आकाशीय बिजली गिरने से 3 किसानों की मौत

उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश शुरू है। लगातार हो रही बारिश के बीच वज्रपात में बुधवार को देवरिया, पीलीभीत और इटावा में तीन किसानों की मौत हो गई, जबकि आगरा, बदायूं और मथुरा में मकान व दुकान ढहने से कई लोग घायल हो गए।

# पश्चिम बंगाल में टीएमसी को बड़ा झटका, सुष्मिता देव समेत 3 पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी की पार्टी छोड़ने और उच्च सदन से इस्तीफा देने के कुछ हफ़्ते बाद, तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बारिक गुरुवार को कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सुष्मिता देव, जो 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुई थीं, पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं और राज्यसभा में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। TMC में शामिल होने से पहले, वह असम के सिलचर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद थीं और उन्होंने 'ऑल इंडिया महिला कांग्रेस' का नेतृत्व भी किया था। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ संसदीय चेहरों में से एक, सुखेंदु शेखर रॉय 2011 से राज्यसभा में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और इससे पहले वे उच्च सदन में पार्टी के मुख्य व्हिप के तौर पर काम कर चुके थे। पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए उन्होंने जून की शुरूआत में संसद और TMC से इस्तीफा दे दिया था। 2023 में राज्यसभा पहुंचे प्रकाश चिक बारिक ने रे और देव के इस्तीफे के कुछ ही दिनों बाद अपर हाउस और तृणमूल कांग्रेस, दोनों से इस्तीफा दे दिया।

उस समय उन्होंने कहा था कि विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की जनता के जनादेश को स्वीकार करने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। इतिहास इन तीन नेताओं के इस्तीफे से राज्यसभा में सीटें खाली हो गईं, जिसके बाद चुनाव आयोग ने इन सीटों के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा की। राज्य चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में बीजेपी के पास बहुमत है, इसलिए पार्टी की नजर तीनों सीटें जीतने पर है। राज्य बीजेपी अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि 34 साल तक लेफ्ट फ्रंट का शासन रहा, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का शासन आया। पश्चिम बंगाल में इतने लंबे समय तक जो राजनीति चली, उसने हमारे संघीय ढांचे को नकारा और उसका विरोध किया; केंद्र के साथ सहयोग करने के बजाय टकराव का रास्ता अपनाया गया, जिससे सारा विकास रुक गया। इसी माहौल में, और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए, तीन सांसदों ने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। आज, ये तीनों– सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बारिक और सुखेंदु शेखर रॉय– भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं... ये तीनों सांसद दिग्गज नेता हैं और राज्यसभा में इनका काम सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए खुशी का मौका है और पूरी बीजेपी खुश है।

# चंपत राय इस्तीफे के बाद नाराज नहीं, नई व्यवस्था का कर रहे समर्थनः गोविंद देव गिरि

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**अयोध्या।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि चंपत राय दान में चोरी के विवाद को लेकर महासचिव पद से त्यागपत्र देने के बाद नाराज नहीं थे और मंदिर प्रबंधन के नये तंत्र का पूरा समर्थन कर रहे थे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, 'मैं कल चंपत राय जी से मुख्य रूप से उनका हाल-चाल जानने के लिए मिला था। वह स्वस्थ हैं, समाधान खोजने वाले व्यक्ति हैं और उन्हें अपने इस्तीफे को लेकर कोई शिकायत नहीं है।' गिरि ने बुधवार को राय के साथ अपनी मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा, 'वह (चंपत) एक अनुभवी व्यक्ति हैं जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया है। वे मंदिर प्रबंधन की नयी व्यवस्था का पूरा समर्थन कर रहे हैं और न तो नाराज हैं और न ही गुस्से में हैं।' गिरि गत छह जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक के बाद से अयोध्या में ही हैं। इसी बैठक में राय और दूसरे ट्रस्टी अनिल मिश्रा का त्यागपत्र स्वीकृत किया गया था। बैठक के एक दिन बाद ही राय का एक पत्र वायरल हो गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दान में चोरी की जांच कर रहे विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की अंतिम जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वह अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब देंगे। पत्र के साथ-साथ एसआईटी को दिया गया राय का एक कथित बयान भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने राम मंदिर में दान की गिनती की प्रक्रिया में भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर सवाल उठाए थे। गिरि ने कहा कि उनकी नजर में चंपत राय बिल्कुल 'बेदाग' हैं लेकिन उन्होंने लंबे समय तक 'गलत लोगों' पर भरोसा किया, जिससे कथित गबन का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा, 'मैं अयोध्या के संतों से भी मिला, जो मंदिर के प्रबंधन की नयी व्यवस्था से सहमत हैं और खुश हैं।'

# दुनिया की पहली साप्ताहिक इंसुलिन भारत में हुई लॉन्च; मधुमेह मरीजों को बड़ी राहत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** डेनमार्क की बड़ी दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने गुरुवार को भारत में वयस्कों में डायबिटीज के इलाज के लिए अपना हफ़्ते में एक बार लगने वाला बेसल इंसुलिन इंजेक्शन 'अविकली' लॉन्च किया। इसके साथ ही भारत इस थेरेपी को पेश करने वाला सातवां बाजार बन गया है। यह टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्कों के लिए दुनिया की पहली ऐसी बेसल इंसुलिन है जो हफ़्ते में सिर्फ.एक बार लेनी होती है। इससे डायबिटीज के इलाज में एक बड़ा बदलाव आया है, क्योंकि इंसुलिन इंजेक्शन की संख्या साल में 365 से घटकर सिर्फ.52 रह गई है। इंसुलिन एक हार्मोन है जो ग्लूकोज (शुगर) को खून से निकालकर कोशिकाओं (सेल्स) तक पहुँचाने में मदद करता है, ताकि यह खून में जमा न हो। टाइप 1 डायबिटीज या एडवांस्ड टाइप 2 डायबिटीज वाले मरीजों को अपने ब्लड शुगर को सही रेंज में रखने के लिए इंसुलिन लेनी पड़ती है–आमतौर पर दिन में एक बार और कभी-कभी दिन में कई बार। कंपनी ने कहा कि अविकली को टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस वाले लोगों के लिए बनाया गया है। यह रोजाना बेसल इंसुलिन इंजेक्शन लेने की जरूरत को खत्म करके, हफ़्ते में एक बार दी जाने वाली डोज की सुविधा देता है। इससे सालाना इंजेक्शन की संख्या 365 से घटकर सिर्फ.52 रह जाती है। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिय ने बताया कि यह एक आधुनिक थेरेपी है और हम (भारत) इसे लॉन्च करने वाले सातवें देश हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह इंजेक्शन दो तरह के पेन में उपलब्ध होगा - 700 यूनिट और 2,100 यूनिट, और इसकी कीमत 3.73 प्रति यूनिट होगी। डायबिटीज के मरीजों को लगने वाले इंजेक्शन की संख्या कम होने से, कंपनी ने कहा कि इंसुलिन की जरूरत से जुड़ी बाधाएँ कम हो जाएँगी। मुंबई के मेटाबोलिक बीमारी के स्पेशलिस्ट और डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. राजीव कोविल ने कहा कि सबसे बड़ी हैरानी की बात अविकली का बहुत ही कॉम्पिटिटिव कीमत पर लॉन्च होना है, जो मौजूदा रोजाना बेसल इंसुलिन के आस-पास है। इससे यह इनोवेशन खास लोगों तक सीमित रहने के बजाय आम लोगों की पहुँच में आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि क्लिनिकल ट्रायल्स से पता चला है कि सही डोज टाइट्रेशन के साथ, कई स्थितियों में ग्लाइसेमिक कंट्रोल रोजाना बेसल इंसुलिन के बराबर या उससे बेहतर रहा है।

# दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-16 में बिल्डिंग हादसा, 3 लोगों की दर्दनाक मौत, हटाया जा रहा है मलबा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार को ढही निमार्णाधीन इमारत के मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत हो गई है। पूरी रात राहत और बचाव अभियान चलाया गया, जिसके बाद दो और शव बरामद किए गए। यह हादसा रोहिणी सेक्टर 26 में बुधवार को हुआ था। एक नई इमारत गिरने के बाद NDRF, DFS, TPDDL और दूसरी एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया था। बचाव अभियान के दौरान, 32 साल के सद्दाम उर्फ रवि नाम के एक मजदूर को मलबे से जिंदा निकाला गया। वहीं पेशे से दर्जी 42 साल के राम, 24 साल के मजदूर काफे उर्फ नूरुल, बिल्डिंग के मालिक के 62 साल के पिता रामदुआ की मौत हो गई। राहत और बचाव अभियान लगभर पूरा हो चुका है। हालांकि मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज की है। बता दें कि बुधवार शाम भारी बारिश के दौरान निमार्णाधीन चार मंजिला इमारत ढह गई थी। एक डीएफएस अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने मलबे से पहले तीन लोगों को बाहर निकाला, इनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक घायल का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अग्निशमन कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति को मलबे से निकाल लिया था, लेकिन अस्पताल में उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में कुल तीन लोगों की मौत हुई है। बचाव अभियान पूरा हो चुका है, लेकिन डीएफएस की टीम अब भी मौके पर मौजूद है। यह हादसा बुधवार शाम 4 बजकर 20 मिनट पर सेक्टर-16 स्थित नगर निगम के एक स्कूल के पास हुआ। निकाय की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के मुताबिक, जी-4/152 और जी-4/153 नंबर की संपत्तियां इस घटना में प्रभावित हुई हैं। इसके बाद पुलिस, डीएफएस, एनडीआरएफ, एमसीडी, राजस्व विभाग और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाकर मलबा हटाने के लिए भारी मशीनरी लगाई थी। यह इमारत हाल में बनाई गई थी और इसके नक्शे 'सरल' योजना के तहत स्वीकृत किए गए थे।

# महादेव ऐप का 'काला साम्राज्य'! सीबीआई की 11 चार्जशीट से बेनकाब करोड़ों के सट्टे और 'प्रोटेक्शन मनी' का खेल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) ने महादेव ऐप से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में असीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छपरिया, अनिल धम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा के खिलाफ PC एक्ट, 1988 और IPC के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साज़िश के अपराधों के लिए 06 चार्जशीट दाखिल की हैं। सीबीआई ने मुख्य सरगना सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल तथा अन्य लोगों के खिलाफ अतिरिक्त सबूत भी दाखिल किए हैं, जिनके खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल की जा चुकी थी।

महादेव ऐप के एक अन्य मामले में, सीबीआई ने 66 आरोपियों के खिलाफ 05 चार्जशीट दाखिल की हैं। इनमें सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और सट्टेबाजी सिंडिकेट पैनल के सदस्य शामिल हैं, जिनके जरिए अपराध से हुई कमाई का लेन-देन किया जाता था। ये 05 चार्जशीट IPC और छत्तीसगढ़ जुआ निषेध अधिनियम के तहत अपराधों के लिए दाखिल की गई थीं। महादेव ऐप देश में सामने आए सबसे बड़े अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट में से एक है, जिसे भारत के बाहर से चलाया जाता था। सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लाखों यूजर्स तक पहुँचने वाले एक देशव्यापी नेटवर्क में बदल दिया। जाँच से पता चला है कि सिंडिकेट देश भर में अवैध सट्टेबाजी पैनल चलाता था, यूजर्स को जोड़ता था और गेम व सट्टेबाजी बाजार चलाता था। इससे होने वाले अवैध मुनाफे को 'म्यूल अकाउंट्स' (दूसरे के नाम पर खोले गए खातों) के जाल के जरिए लॉन्डर किया जाता था और अंत में फंड को विदेश भेज दिया जाता था। अपराध से हुई कमाई का कुछ हिस्सा सरकारी अधिकारियों को 'प्रोटेक्शन मनी' के तौर पर दिया जाता था। जाँच में पता चला है कि महादेव ऐप के प्रमोटर और उनके कई सहयोगी कुछ साल पहले पश्चिम एशियाई देशों में भाग गए थे और भारत के बाहर से इस नेटवर्क को चलाना जारी रखे हुए हैं। विदेश जा चुके 04 मुख्य आरोपियों के खिलाफ पहले ही 'रेड कॉर्नर नोटिस' जारी किए जा चुके हैं। उन्हें 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित कराने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## संपादक की कलम से

# राम मंदिर की मर्यादा को आघात पहुंचाती दुष्प्रचार की राजनीति



ललित शर्मा
संपादक

आजकल अयोध्या के श्री राम मंदिर में उद्घाटित चढ़ावा चोरी का प्रकरण चर्चाओं में है। कहना अतिशयोक्ति नहीं कि पारंपरिक मंदिर विरोधियों के लिए यह दुष्प्रचार का सर्वाधिक सुविधाजनक अस्त्र बन गया है। श्री राम, राम मंदिर, सनातन और सबसे बड़ी बात भारत अर्थात भारतीयता को खंडित करने के कुत्सित प्रयास एक बार फिर चरम पर हैं। इनसे बचने के साथ-साथ श्री राम मंदिर पर हुए हमले और फिर उसे मुक्ति दिलाने हेतु करोड़ों करोड़ राम भक्त बलिदानियों, खुशी खुशी प्राण उत्सर्ग करने वाले दिवंगत कार सेवकों तथा भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु जीवन दान देने वाले सेवकों के संघर्ष पर गौर करने की जरूरत है। क्योंकि इतिहासिक साक्ष्य हैं कि जो राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक चेतना को विस्मृत कर देता है और अपने गौरवशाली अतीत के प्रतीकों की रक्षा नहीं कर पाता, उसका अस्तित्व अंततः संकट में पड़ जाता है। अयोध्या में प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि पर निर्मित भव्य और दिव्य मंदिर केवल पत्थरों, स्तंभों या नक्काशी का कोई सामान्य भौतिक ढांचा नहीं है। यह भारत की चिरंतन आत्मा, उसकी सांस्कृतिक अस्मिता, सदियों के धैर्य और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का साक्षात, जीवंत प्रतीक है। सन 1528 में विदेशी मुगल आक्रांता मीर बाकी द्वारा सनातन आस्था के इस परम केंद्र को जिस क्रूरता के साथ ध्वस्त किया गया था, वह भारत के मर्म पर एक गहरा घाव था। उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने और अपनी आस्था की पुनर्स्थापना के लिए सनातन समाज ने 500 वर्षों का एक अभूतपूर्व, अनवरत और धैर्यपूर्ण संघर्ष लड़ा है, जो विश्व के इतिहास में सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का सबसे लंबा आंदोलन है। 16वीं शताब्दी से लेकर 19वीं शताब्दी के मध्य तक, इस पवित्र भूमि की मुक्ति और प्रभु श्री राम के मंदिर की पुनर्स्थापना के लिए छोटे-बड़े 76 युद्ध लड़े गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले इस महायज्ञ में लाखों राम भक्तों ने बिना किसी संकोच के अपने प्राणों की आहुति दे दी। आजाद भारत के इतिहास में भी जब इस आंदोलन ने एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप लिया, तब भी राम भक्तों के मार्ग में कांटे ही बिछाए गए। तत्कालीन सत्ताधीशों, छद्म-धर्मनिरपेक्ष ताकतों और व्यवस्था की क्रूरता का वह खूनी मंजर देश कभी नहीं भूल सकता, जब अयोध्या की सड़कों पर निहत्थे और शांतिपूर्ण कारसेवकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई गईं। उस दमन चक्र के कारण बार-बार राम भक्तों के खून से सरयू का पवित्र जल लाल होता रहा। इस अंतहीन और कष्टकारी संघर्ष को वैचारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक नेतृत्व प्रदान करने का महती कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों ने किया। आंदोलन की धार को कुंद करने और राष्ट्रवादियों का मनोबल तोड़ने के लिए तत्कालीन राम-विरोधी सरकारों ने दमन की पराकाष्ठा पार करते हुए चार राज्यों की चुनी हुई भाजपा सरकारों को असंवैधानिक रूप से बर्खास्त कर दिया। परंतु, राष्ट्रवाद के पथ पर चलने वाले कार्यकताओं और नेताओं ने प्रभु श्री राम के चरणों में अपनी सत्ताओं और सरकारों का बलिदान सहर्ष स्वीकार कर लिया। तुष्टिकरण की संकीर्ण राजनीति के तहत बहुसंख्यक सनातन समाज को लगातार टारगेट पर रखा गया, राम भक्तों पर 'सांप्रदायिक' और 'आतंकवादी' होने के झूठे इल्जाम लगाए गए, और धर्मनिरपेक्षता की आड़.में सनातन समाज को विखंडित करने की गहरी साजिशें रची गईं।

# विश्व व्यवस्था का पुनर्गठन: क्या बहुध्रुवीय दुनिया स्थिरता लाएगी या नए शीत युद्ध का मार्ग खोलेगी?



एन0के0शर्मा
लेखक



आज का अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहाँ शक्ति-संतुलन, आर्थिक हित, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और सामरिक गठबंधनों की प्रकृति तेजी से बदल रही है। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद यह विश्वास प्रबल हुआ था कि दुनिया एक अपेक्षाकृत स्थिर, नियम-आधारित और एकध्रुवीय व्यवस्था की ओर अग्रसर होगी। किंतु इक्कीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक तक आते-आते यह धारणा क्रमशः कमजोर पड़ने लगी है। आज प्रश्न केवल इतना नहीं है कि वैश्विक शक्ति का केंद्र कहाँ है, बल्कि यह भी है कि भविष्य की विश्व व्यवस्था कैसी होगी—क्या बहुध्रुवीय व्यवस्था सहयोग, संतुलन और साझा विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी, या फिर प्रतिस्पर्धी शक्ति-केंद्रों के बीच अविश्वास, हथियारों की नई दौड़ और एक नए प्रकार के शीत युद्ध को जन्म देगी?

विश्व राजनीति के इतिहास में शक्ति-संतुलन कभी स्थिर नहीं रहा। कभी यूरोप का प्रभुत्व था, फिर औपनिवेशिक साम्राज्यों का विस्तार हुआ, उसके बाद द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात अमेरिका और सोवियत संघ के बीच द्विध्रुवीय व्यवस्था स्थापित हुई। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका के नेतृत्व वाली एकध्रुवीय व्यवस्था ने वैश्विक राजनीति को दिशा दी। उस समय यह माना गया कि उदार लोकतंत्र, मुक्त बाजार और वैश्वीकरण मानव विकास का अंतिम मॉडल बन चुके हैं। किंतु इतिहास ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि कोई भी व्यवस्था शाश्वत नहीं होती। आर्थिक शक्ति का पूर्व की ओर स्थानांतरण, चीन का अभ्युदय, भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का विस्तार, रूस की सामरिक सक्रियता, पश्चिम एशिया की बदलती राजनीति, अफ्रीका का बढ़ता महत्व और वैश्विक दक्षिण की नई आकांक्षाएँ आज विश्व व्यवस्था के पुनर्गठन की स्पष्ट संकेतक हैं।

बहुध्रुवीय विश्व का मूल विचार यह है कि वैश्विक निर्णय केवल एक या दो महाशक्तियों द्वारा नहीं, बल्कि अनेक प्रभावशाली देशों की सहभागिता से लिए जाएँ। यह अवधारणा अधिक संतुलित, प्रतिनिधिक और न्यायपूर्ण वैश्विक शासन की आशा जगाती है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की आवाज को समान महत्व देने की संभावना निहित है। किंतु इसी व्यवस्था का दूसरा पक्ष यह भी है कि जब अनेक शक्ति-केंद्र अपने-अपने हितों को सर्वोपरि मानते हैं, तब प्रतिस्पर्धा, अविश्वास और रणनीतिक टकराव की संभावनाएँ भी बढ़ जाती हैं। आज वैश्विक राजनीति केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है। आर्थिक निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर तकनीक, अंतरिक्ष अनुसंधान और डिजिटल अवसंरचना नई शक्ति के प्रमुख आयाम बन चुके हैं। प्रतिस्पर्धा अब सीमाओं पर तैनात सैनिकों से कहीं अधिक सर्वरों, उपग्रहों, एल्गोरिद्म, डेटा केंद्रों और आपूर्ति शृंखलाओं के माध्यम से संचालित हो रही है। यही कारण है कि संभावित नया शीत युद्ध पारंपरिक युद्ध की अपेक्षा अधिक जटिल, अदृश्य और बहुआयामी हो सकता है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा इस परिवर्तन का सबसे प्रमुख उदाहरण है।

व्यापार, तकनीक, समुद्री मार्गों, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, सेमीकंडक्टर उद्योग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा भी है। दूसरी ओर रूस ने यह स्पष्ट किया है कि वह स्वयं को केवल क्षेत्रीय शक्ति के रूप में नहीं देखता, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन का निर्णायक पक्ष मानता है। यूरोप अपनी सामरिक स्वायत्तता को लेकर नए विमर्श में है। भारत 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति के माध्यम से विभिन्न शक्ति-केंद्रों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, तुर्किये और अन्य उभरते देश भी वैश्विक निर्णय-प्रक्रिया में अधिक प्रभाव चाहते हैं। यह समूचा परिदृश्य स्पष्ट करता है कि शक्ति का वितरण पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक हो चुका है। इसके साथ ही वैश्विक संस्थाओं की भूमिका पर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ और अनेक बहुपक्षीय मंच बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने के दबाव में हैं। जब वैश्विक संस्थाएँ समयानुकूल सुधार नहीं कर पातीं, तब शक्तिशाली राष्ट्र वैकल्पिक मंचों और क्षेत्रीय गठबंधनों की ओर अग्रसर होते हैं।

इससे वैश्विक शासन का स्वरूप और अधिक जटिल हो जाता है। बहुध्रुवीय व्यवस्था के समर्थकों का तर्क है कि शक्ति का विकेंद्रीकरण किसी एक राष्ट्र के प्रभुत्व को सीमित करता है और छोटे तथा विकासशील देशों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराता है। इससे आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय साझेदारी और संतुलित कूटनीति को प्रोत्साहन मिल सकता है। किंतु आलोचक चेतावनी देते हैं कि यदि स्पष्ट नियम, पारदर्शी संस्थाएँ और विश्वास-निर्माण के प्रभावी तंत्र विकसित नहीं हुए, तो यही बहुध्रुवीयता अनेक प्रतिस्पर्धी गुटों में विभाजित विश्व का रूप ले सकती है, जहाँ प्रत्येक शक्ति-केंद्र अपने प्रभाव-क्षेत्र का विस्तार करने का प्रयास करेगा। नए शीत युद्ध की संभावना केवल सैन्य प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं होगी। आर्थिक प्रतिबंध, तकनीकी निर्यात नियंत्रण, डिजिटल अवरोध, साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान, आपूर्ति शृंखला का राजनीतिक उपयोग और वित्तीय संस्थाओं का रणनीतिक प्रयोग इसके प्रमुख उपकरण बन सकते हैं। भविष्य का संघर्ष टैंकों और मिसाइलों से कम, डेटा, तकनीक, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता से अधिक निर्धारित होगा। इस बदलते परिवेश में विकासशील देशों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। वे अब केवल वैश्विक राजनीति के दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भागीदार बन रहे हैं। यदि वे सामूहिक रूप से न्यायपूर्ण व्यापार, जलवायु वित्त, तकनीकी सहयोग और संस्थागत सुधार की दिशा में संगठित प्रयास करें, तो विश्व व्यवस्था अधिक संतुलित और समावेशी बन सकती है। किंतु यदि वे महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा का केवल भू-राजनीतिक मैदान बनकर रह जाएँ, तो उनकी विकास-यात्रा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। भारत के लिए यह परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उभरती स्थिति, विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता, तकनीकी प्रगति, लोकतांत्रिक परंपरा और संतुलित विदेश नीति उसे एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। भारत ने निरंतर यह प्रयास किया है कि वह विभिन्न शक्ति-केंद्रों के साथ संवाद बनाए रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज को प्रमुखता देना, बहुपक्षीय सुधारों की वकालत करना और विकासोन्मुख सहयोग को बढ़ावा देना इसी दृष्टिकोण का हिस्सा है। यह भी स्मरणीय है कि विश्व व्यवस्था का पुनर्गठन केवल सरकारों या सेनाओं का विषय नहीं है। इसका सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा कीमतों, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, अनुसंधान, आपूर्ति शृंखलाओं और सामान्य नागरिक के जीवन पर पड़ता है। इसलिए यह विमर्श केवल भू-राजनीति का नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य का भी प्रश्न है। इतिहास यह सिखाता है कि जब शक्ति का पुनर्वितरण होता है, तब संक्रमण का काल अक्सर अस्थिर होता है। किंतु इतिहास यह भी बताता है कि दूरदर्शी नेतृत्व, प्रभावी संवाद और मजबूत संस्थागत व्यवस्था संभावित टकरावों को सहयोग में बदल सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्र प्रतिस्पर्धा को पूर्णतः समाप्त करने का अव्यावहारिक प्रयास न करें, बल्कि उसे नियम-आधारित, उत्तरदायी और शांतिपूर्ण स्वरूप दें।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि बहुध्रुवीय दुनिया आएगी या नहीं—उसकी प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या मानवता इस परिवर्तन को साझा समृद्धि, न्याय और शांति की दिशा में मोड़ पाएगी, या अविश्वास, ध्रुवीकरण और रणनीतिक संघर्षों की नई परंपरा स्थापित करेगी। भविष्य की विश्व व्यवस्था का स्वरूप महाशक्तियों की सैन्य क्षमता से कम और उनकी राजनीतिक परिपक्वता, कूटनीतिक विवेक, संस्थागत सुधार की इच्छा तथा मानव-केंद्रित वैश्विक दृष्टिकोण से अधिक निर्धारित होगा। यदि शक्ति के साथ उत्तरदायित्व, प्रतिस्पर्धा के साथ संवाद और राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक हितों का संतुलन स्थापित किया गया, तो बहुध्रुवीय विश्व स्थिरता का आधार बन सकता है; अन्यथा यही संक्रमण काल मानव इतिहास के एक नए, दीर्घकालिक और अधिक जटिल शीत युद्ध की भूमिका भी लिख सकता है।

# जो आज नौजवान हैं, वे भी कभी न कभी बूढ़े होंगे



डॉ. विजय गर्ग
लेखक



समय संसार का सबसे बड़ा सत्य है। यह न कभी रुकता है, न किसी के लिए अपनी गति बदलता है। आज जो बच्चा है, वह कल युवा बनेगा, और जो आज युवा है, वह एक दिन वृद्धावस्था की दहलीज पर अवश्य पहुँचेगा। यही प्रकृति का अटल नियम है। फिर भी अधिकांश लोग अपनी युवावस्था में इस सत्य को भूल जाते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी शक्ति, सुंदरता और ऊर्जा हमेशा बनी रहेगी। लेकिन जीवन का अनुभव बताता है कि समय के आगे हर व्यक्ति को झुकना पड़ता है।

युवावस्था जीवन का सबसे ऊर्जावान और महत्वाकांक्षी दौर होती है। इसी समय व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करने, शिक्षा प्राप्त करने, करियर बनाने और परिवार की नींव रखने में जुटा रहता है। इस उम्र में आत्मविश्वास और जोश अपने चरम पर होता है। लेकिन यही समय व्यक्ति को यह भी सिखाना चाहिए कि यह अवस्था स्थायी नहीं है। जैसे-जैसे समय बीतता है, शरीर की शक्ति कम होती है, अनुभव बढ़ता है और जीवन की प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं। आज का समाज युवाओं को अधिक महत्व देता है। विज्ञापनों, सोशल मीडिया और मनोरंजन की दुनिया में युवावस्था को सफलता और आकर्षण का प्रतीक माना जाता है। इसके विपरीत, वृद्धावस्था को अक्सर कमजोरी और निर्भरता से जोड़कर देखा जाता है। यह सोच न केवल गलत है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। वृद्ध होना कोई बीमारी नहीं, बल्कि जीवन की स्वाभाविक और सम्मानजनक अवस्था है। बुजुर्ग किसी परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके पास वर्षों का अनुभव, संघर्षों से मिली सीख और जीवन का गहरा ज्ञान होता है। वे आने वाली पीढ़ियों को ऐसी सीख दे सकते हैं, जो किसी पुस्तक में नहीं मिलती। उनके अनुभव परिवार को सही दिशा देते हैं और कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इसलिए उनका सम्मान करना केवल संस्कार नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। दुर्भाग्य से आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अनेक बुजुर्ग अकेलेपन का सामना कर रहे हैं। बच्चे नौकरी या व्यवसाय के कारण दूर रहते हैं, और जो साथ रहते हैं, वे भी व्यस्त जीवनशैली के कारण उनके लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाते। कई बार बुजुर्गों की बातें अनसुनी कर दी जाती हैं या उन्हें बोझ समझ लिया जाता है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है।

युवाओं को यह समझना चाहिए कि आज वे जिस तरह अपने माता-पिता और दादा-दादी के साथ व्यवहार कर रहे हैं, कल उनकी संतानें भी उनसे वैसा ही व्यवहार करेंगी। बच्चे उपदेशों से कम और उदाहरणों से अधिक सीखते हैं। यदि वे अपने घर में बड़ों के प्रति सम्मान, प्रेम और सेवा का भाव देखेंगे, तो वही संस्कार उनके जीवन का हिस्सा बनेंगे। बुढ़ापे की तैयारी युवावस्था से ही शुरू होनी चाहिए। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, आर्थिक बचत, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान, नई चीजें सीखने की आदत और अच्छे सामाजिक संबंध व्यक्ति के बुढ़ापे को सुखद बना सकते हैं। जो लोग अपने स्वास्थ्य और भविष्य की योजना बनाते हैं, वे वृद्धावस्था में अधिक आत्मनिर्भर और संतुष्ट रहते हैं।

सरकार और समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। ऐसा समाज ही वास्तव में प्रगतिशील कहलाएगा, जो अपने बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करे। भारतीय संस्कृति में सदैव बड़ों का आदर सर्वोच्च मूल्य माना गया है। हमारे शास्त्रों में माता-पिता और गुरु को देवतुल्य बताया गया है।

संयुक्त परिवार की परंपरा ने पीढ़ियों को एक-दूसरे से जोड़कर रखा था। यद्यपि आधुनिक जीवनशैली ने पारिवारिक संरचना में बदलाव लाया है, फिर भी बड़ों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। वृद्धावस्था हमें विनम्र बनाती है। यह याद दिलाती है कि धन, शक्ति और पद सब अस्थायी हैं। जीवन का वास्तविक मूल्य हमारे व्यवहार, हमारे रिश्तों और हमारी मानवता में है।

जो व्यक्ति अपने बुजुर्गों का सम्मान करता है, वह स्वयं भी सम्मान का अधिकारी बनता है। अंततः हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि 'जो आज नौजवान हैं, वे भी कभी न कभी बूढ़े होंगे।' यह सत्य हमें अहंकार से दूर रखता है और करुणा, संवेदनशीलता तथा जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। यदि हम आज अपने बुजुर्गों के साथ प्रेम, सम्मान और धैर्य का व्यवहार करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारे साथ वैसा ही व्यवहार करेंगी। युवावस्था क्षणभंगुर है, लेकिन अच्छे संस्कार, मानवीय संवेदनाएँ और सम्मान की संस्कृति पीढ़ियों तक जीवित रहती है। इसलिए आइए, हम ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जहाँ बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि अनुभव, प्रेरणा और आशीर्वाद का अमूल्य स्रोत माना जाए। यही एक संवेदनशील, सभ्य और संस्कारित समाज की पहचान है।

## शख्स नहीं, शख्सियत बनकर जिएँ

किशन भावना

कविता



आओ शख्स बनकर नहीं, शख्सियत बनकर जीना सीखें,
अपने कर्मों से हर दिल में उजियारा बोना सीखें।
नाम नहीं, नेकियों की खुशबू पहचान बने
ऐसा जीवन जिएँ कि हर धड़कन सम्मान बने।

शख्स तो समय की राहों में एक दिन खो जाता है
लेकिन चरित्र युगों-युगों तक दीपक-सा जगमगाता है।
दौलत, शोहरत, पद सब यहीं धूल में मिल जाते हैं
सद्कर्मों के अमिट निशान ही इतिहास कहलाते हैं।

वाणी में मिठास हो, व्यवहार में सच्चाई हो,
हर चेहरे पर मुस्कान लाने की मन में अच्छाई हो।
जो गिरते हुए हाथों को थामकर आगे बढ़ाता है,
वही इंसान नहीं, अमर शख्सियत कहलाता है।

जीवन का उद्देश्य केवल खुद तक सीमित न रहे
हर साँस मानवता की सेवा में समर्पित रहे।
अपने अस्तित्व से दुनियाँ में विश्वास जगाइए
प्रेम, करुणा और सत्य का दीप हर मन में जलाइए।

जब अंतिम यात्रा पर यह तन चुपचाप विदा हो जाएगा,
तब केवल कर्मों का उजाला जग में रह जाएगा।
किशन, ऐसा जीवन जिएँ कि हर युग हमें याद करे,
शख्स नहीं, शख्सियत बनकर जीने का संकल्प धरे।

# फ्लैश फ्लड से पहले फ्लैशबैक - एक गलती, पूरी कहानी खत्म



प्रो. आरके जैन
लेखक



प्रकृति जब रौद्र रूप धारण करती है, तब मनुष्य की सारी शक्ति क्षणभर में प्रभावहीन हो जाती है। मानसून इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यही वर्षा भारत के खेतों में जीवन भरती है, तो कभी भीषण बाढ़ और भूस्खलन बनकर गाँव, सड़कें, पुल और अनगिनत जिंदगियों को लील लेती है। उफनती नदियाँ, विकराल झरने और शांत पहाड़ियाँ पलभर में मौत का मंजर बन जाती हैं। ऐसे समय सबसे अधिक चिंता उन युवाओं की होती है, जो रोमांच के नाम पर जोखिम को ही साहस समझ बैठते हैं। याद रखिए, आप केवल अपने परिवार की उम्मीद नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य शक्ति हैं। इसलिए मानसून के इन तीन-चार महीनों में उफनती नदियों, झरनों, खतरनाक पहाड़ी क्षेत्रों और जोखिमभरे ट्रेकिंग मार्गों से पूरी तरह दूर रहना ही सच्ची समझदारी है।

मानसून की खूबसूरती जितनी मोहक दिखती है, उसका खतरा उतना ही गंभीर होता है। भारत के हिमालयी क्षेत्र, पश्चिमी घाट और उत्तर-पूर्व के पर्वतीय इलाकों में हर वर्ष भारी वर्षा, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन तबाही मचाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, इन आपदाओं में हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है। मौसम विभाग (आईएमडी) लगातार चेतावनियाँ जारी करता है, फिर भी कई युवा रोमांच के आकर्षण में उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। मनाली-लेह मार्ग, हरिशचंद्रगढ़, हरिहर किला, केदारनाथ सहित अनेक पर्वतीय क्षेत्र मानसून में बेहद जोखिमभरे हो जाते हैं। गीली चट्टानों पर एक छोटी-सी चूक या ऊपरी पहाड़ों में हुई बारिश से आया अचानक सैलाब संभलने का मौका तक नहीं देता। जो स्थान कुछ देर पहले सुरक्षित दिखता है, वही पलभर में मौत का रास्ता बन सकता है। रोमांच का वास्तविक अर्थ जोखिम मोल लेना नहीं, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेना है। आज ट्रेकिंग युवाओं के बीच पर्यटन से बढ़कर एक फैशन बन गई है। सोशल मीडिया की आकर्षक तस्वीरें और वीडियो देखकर अनेक लोग यह भूल जाते हैं कि प्रकृति का सुंदर चेहरा पलभर में भयावह रूप भी धारण कर सकता है। फ्लैश फ्लड, फिसलन भरी चढ़ाइयाँ, उफनती नदियाँ और भूस्खलन वाले क्षेत्रों में अनावश्यक साहस दिखाना उपलब्धि नहीं, लापरवाही है। कई बार रेड अलर्ट और मौसम विभाग की चेतावनियों के बावजूद लोग जोखिम उठाते हैं। इसका परिणाम केवल एक हादसा नहीं होता, बल्कि पूरा परिवार जीवनभर के दुःख और पीड़ा का बोझ उठाता है। इसलिए सच्ची बहादुरी प्रकृति को चुनौती देने में नहीं, उसकी चेतावनियों का सम्मान कर सुरक्षित रहने में है। हर रोमांचक मंज़िल से पहले अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देना ही सबसे समझदारी भरा निर्णय है। युवाओं को समझना होगा कि जीवन किसी एक ट्रेक, यात्रा या वायरल वीडियो से कहीं अधिक मूल्यवान है। माता-पिता अपने बच्चों में अपने वर्षों के त्याग, संघर्ष और अनगिनत सपनों का भविष्य देखते हैं। एक क्षण की लापरवाही उन सभी उम्मीदों को हमेशा के लिए तोड़ सकती है। देश को भी ऐसे युवा चाहिए, जो सुरक्षित रहकर शिक्षा, कौशल और अपनी ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। जोश युवावस्था की पहचान है, लेकिन सही दिशा विवेक ही देता है। इसलिए सितंबरझ्अक्टूबर तक प्रतीक्षा करना, जब मौसम और रास्ते दोनों सुरक्षित हों, कहीं अधिक बुद्धिमानी है। प्रकृति हमेशा रहेगी, अवसर फिर मिलेंगे, लेकिन जीवन दोबारा नहीं मिलेगा। सुरक्षा अपनाना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता और जिम्मेदारी की पहचान है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय मौसम विभाग लगातार सलाह देते हैं कि भारी वर्षा के दौरान नदियों, झरनों, जलप्रपातों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें। किसी भी यात्रा से पहले मौसम का ताजा पूर्वानुमान अवश्य देखें तथा पर्याप्त तैयारी, आवश्यक उपकरण और अनुभवी साथियों के बिना जोखिमभरे मार्गों पर न जाएँ। केवल उत्साह के भरोसे या अकेले ट्रेकिंग करना गंभीर भूल साबित हो सकता है। मानसून के इन महीनों का बेहतर उपयोग पढ़ाई, नई तकनीकी व व्यावसायिक दक्षताएँ सीखने, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य सुधारने और परिवार के साथ समय बिताने में किया जा सकता है। याद रखें, हर साहसिक कदम का एक सही समय होता है, और मानसून उसका समय नहीं है। प्रकृति का सौंदर्य तभी आनंद देता है, जब उसके नियमों का सम्मान किया जाए। शांत मौसम में यही पहाड़, नदियाँ और झरने सुकून का अनुभव कराते हैं, लेकिन मानसून में उनका बदला हुआ रूप हर कदम पर खतरे का संकेत देता है। हर वर्ष अनेक परिवार केवल इसलिए अपूरणीय क्षति झेलते हैं क्योंकि मौसम की चेतावनियों को हल्के में लिया जाता है और रोमांच, विवेक पर भारी पड़ जाता है। सबसे बड़ा भ्रम यही है कि दुर्घटनाएँ केवल दूसरों के साथ होती हैं। वास्तव में सावधानी केवल स्वयं की सुरक्षा नहीं, परिवार और समाज के प्रति भी जिम्मेदारी है। जब एक युवा सुरक्षित रहता है, तब उसके साथ माता-पिता की उम्मीदें, परिवार के सपने और राष्ट्र का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। इसलिए मानसून में सतर्क रहना कोई त्याग नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और समझदारी का प्रमाण है। आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जिनका जोश विवेक से संचालित हो। आपका जीवन केवल आपका नहीं, बल्कि परिवार की उम्मीदों और राष्ट्र के भविष्य की अमूल्य पूँजी है। पर्वतों पर अवश्य जाएँ, लेकिन सुरक्षित मौसम में। नदियों और झरनों की सुंदरता का आनंद लें, पर उनके उफान को चुनौती न दें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, योगी सरकार में 'चिराग तले अंधेरा'

## प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप, पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध खनन पर सख्ती के तमाम दावों के बीच सीतापुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि प्रशासनिक कार्रवाई पूरी तरह नदारद नजर आ रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां मंचों से माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात करते हैं, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। मामला रामपुर कला थाना क्षेत्र का है, जहां पिछले कई महीनों से खुलेआम अवैध खनन का खेल जारी है।



पीड़ित लल्लू का आरोप है कि खनन माफियाओं ने उनकी जमीन तक को क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन शिकायत के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पीड़ित के पुत्र अशोक शुक्ला लगातार तहसील और थाना के चक्कर काट रहे हैं, मगर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि जब अशोक शुक्ला न्याय की गुहार लेकर रामपुर कला थाने पहुंचे, तो थाना प्रभारी ने उन्हें भगा दिया। इससे पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, उप जिलाधिकारी सिधौली को लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर संदेह गहराता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, खनन विभाग की एक महिला अधिकारी द्वारा संज्ञान लेने के बाद टीम गठित कर मौके पर लेखपाल को भेजा गया, लेकिन वहां भी माफियाओं ने अधिकारियों से बहस कर दबाव बनाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों और पत्रकारों ने भी इस पूरे मामले की आलोचना की है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि खनन माफिया खुद को क्षेत्र का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति बताते हैं और खुलेआम धमकियां देते हैं। यहां तक कि अशोक शुक्ला को जान से मारने और दफनाने तक की धमकी दी जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि थाना प्रभारी की उदासीनता और प्रशासनिक मिलीभगत के चलते भाजूपुर क्षेत्र में अवैध खनन चरम पर है। एक तरफ सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है, तो दूसरी ओर ऐसे मामले उस दावे को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सीतापुर प्रशासन इन माफियाओं पर कार्रवाई करेगा या फिर पीड़ित यूं ही न्याय के लिए दर-दर भटकता रहेगा?

# भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, मृतकों के प्रति जताया शोक; मॉनसून में स्कूल बंद करने की मांग

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों, विशेषकर हापुड़ में लगातार हो रही भारी बारिश से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण प्रदेश के कई जिलों में मकान और दीवारें गिरने की घटनाओं में कई लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि अनेक लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हापुड़ के ततारपुर स्थित एन्था नीयर (स्कूल का नाम जैसा उपलब्ध है) स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार की दीवार भी बारिश के चलते ढह गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

साथ ही लगातार हो रही बारिश के कारण छात्र-छात्राओं को सुबह स्कूल-कॉलेज जाने में भारी



कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि मौसम सामान्य होने तक विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित किया जाए। पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-9 (NH-9) सहित कई मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में भी लोगों की जान गई है।

वहीं प्रदेश की प्रमुख नदियां– गढ़ ब्रजघाट की गंगा, बुलंदशहर की अनूपशहर गंगा, बिजनौर बैराज, बरेली की रामगंगा, बदायूं की कछला गंगा, मथुरा की यमुना, वाराणसी की गंगा, प्रयागराज का संगम तथा अयोध्या और बहराइच की सरयू– उफान पर बह रही हैं।

नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल है और किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने तथा जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य तेज करने की मांग की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# थाना प्रभारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में सिम्भावली पुलिस ने अवैध चाकू सहित युवक को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में थाना सिम्भावली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हापुड़ पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बेहड़की सैदाबाद में जलभराव से हड़कंप, अंकित त्यागी और विनय त्यागी ने अधिकारियों को दिखाए हालात

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**भगवानपुर।** लगातार हो रही भारी बारिश ने भगवानपुर ब्लॉक के ग्राम बेहड़की सैदाबाद में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। गांव के कई हिस्सों में जलभराव होने से बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित त्यागी को ग्रामीणों ने दी सूचना अंकित त्यागी तत्काल मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भगवानपुर एसडीएम को फोन पर पूरे मामले से अवगत कराया। सूचना के बाद प्रशासन हरकत में आया और पटवारी व कानूनगो मौके पर पहुंचे। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित त्यागी तथा विनय त्यागी अधिकारियों को जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कराया और ग्रामीणों की



समस्याओं से अवगत कराय अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित त्यागी ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासन से जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए स्थायी समाधान करने की मांग की। वहीं विनय त्यागी ने कहा कि हर वर्ष बारिश के दौरान ग्रामीणों को जलभराव की समस्या झेलनी पड़ती है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि समस्या का स्थायी समाधान कराया जाना चाहिए। इस दौरान दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत कार्य शुरू कराने और गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की।

# कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के कार्यों की की बैठक, नहरों की साफ सफाई एवं बैरिकेडिंग कराने के दिए निर्देश



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ जनपद में कावड़ यात्रा-2026 को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के कार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा मार्ग में पड़ने वाली नहरों, राजवाहों एवं जलाशयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। कावड़ मार्ग में पड़ने वाली सभी नहरों, पुलियों एवं घाटों की सिल्ट सफाई एवं गंदगी हटाने का कार्य जल्द ही पूर्ण किया जाए। नहरों एवं गहरे जल वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग एवं रस्सी लगवाई जाए। खतरनाक स्थानों को चिन्हित कर पुलिस के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग की जाए। यात्रा अवधि में कावड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत नहरों में जल प्रवाह को नियंत्रित रखा जाए। अचानक पानी न छोड़ा जाए।

# दूसरी बार आईआईए चेयरमैन बने पवन शर्मा, उद्योग जगत में खुशी की लहर

## वर्ष 2026-27 के लिए मिली जिम्मेदारी, व्यापारियों ने जताया भरोसा; राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के धीरखेड़ा-हापुड़ चैप्टर की कमान एक बार फिर पवन शर्मा को सौंप दी गई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने उन्हें वर्ष 2026-27 के लिए लगातार दूसरी बार चैप्टर चेयरमैन नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों और सामाजिक क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पवन शर्मा को बधाई देने के लिए उनके आवास, कार्यालय और फैक्ट्री पर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा।पवन शर्मा ने अपने पिछले कार्यकाल में उद्योगों और व्यापारियों की समस्याओं को जिला प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से उठाया। उद्योग हितों की पैरवी, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान



और औद्योगिक विकास को गति देने के उनके प्रयासों को देखते हुए आईआईए नेतृत्व ने उन पर दोबारा भरोसा जताते हुए चैप्टर की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के उपरांत राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानक चंद शर्मा ने पवन शर्मा की फैक्ट्री पहुंचकर उन्हें भगवान परशुराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जब व्यापारिक संगठनों का नेतृत्व संघर्षशील और सक्रिय युवाओं के हाथों में होता है तो क्षेत्र में औद्योगिक विकास, नए निवेश और रोजगार के अवसरों को नई गति मिलती है। इस अवसर पर पवन शर्मा ने कहा कि आईआईए ने उन पर जो विश्वास दोबारा जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनका लक्ष्य उद्योगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराना, नए निवेश को प्रोत्साहित करना तथा धीरखेड़ा-हापुड़ औद्योगिक क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रशासन और शासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना रहेगा।

# महामंत्री राकेशपाठक का फेडरेशन इन्दौर ने आत्मीय अभिनंदन किया



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर के महामंत्री राकेश डीपी पाठक के 7 जुलाई 2026 इंदौर अल्प प्रवास पर फेडरेशन कार्यालय (उर्जा परिसर) इंदौर में आगमन हुआ एवं अनौपचारिक मुलाकात व चर्चा पदाधिकारियों से हुई जिसमें वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संघ के कार्यकलाप व संगठनात्मक मजबूती, आनेवाले समय में क्रियान्वित होने वाली गतिविधियों की जानकारी पर विचार-विमर्श हुआ।

आरंभ में फेडरेशन की ओर से इंदौर, बड़नगर, उज्जैन व अन्य स्थानों से शामिल प्रतिनिधियों ने माला व शाल पहनाकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत अभिनन्दन किया।

फेडरेशन कार्यालय में महामंत्री राकेश पाठक जी का स्वागत अभिनन्दन करने वालों में झोनल सेक्रेटरी एन के यादव जी सर्वश्री उमाशंकर मेहता जी व उनके साथीगण, मदन वर्मा, उम्मेदसिंह राजपूतजी, जे एल जोशीजी, एन के जैन सा., प्रकाश व्यास जी, विरेन्द्र प्रताप मिश्रा जी, मदन भेराजी, किशोर सोनी एवं अन्य पदाधिकारी प्रतिनिधि शामिल हुए।

# पौधारोपण व संरक्षण से थार में आयेगी हरियाली: अतिरिक्त जिला कलेक्टर

## जीरा मण्डी, बाड़मेर के परिसर में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बाड़मेर राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर गुरूवार को बाड़मेर जीरा मण्डी परिसर में जन कल्याण संस्थान एवं जीरा मण्डी व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में अतिरिक्त जिला कलेक्टर, बाड़मेर श्री रविन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य, जीरा मण्डी व्यापार संघ अध्यक्ष गौतम बोथरा व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां व्यापारियों व किसानों को पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाना जन कल्याण संस्थान का



संकल्प है, जिसको लेकर गुरूवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रविन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में जीरा मण्डी परिसर में दुकानों के आगे नीम के पौधे लगाएं गए। अमन ने बताया कि कार्यक्रम में पौधे लगाकर सम्बन्धित व्यापारियों को संरक्षण का दायित्व दिया गया व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री रविन्द्र कुमार ने कहा कि थार नगरी, बाड़मेर में अधिक से अधिक पौधारोपण करने की जरूरत है। हम सबको मिलकर ऐसे पुनीत व नेक कार्य में सहभागिता निभानी चाहिये। उन्होंने कहा कि अधिकतम पौधारोपण व उनके संरक्षण से ही थार में हरियाली आयेगी। पौधों से परिवेश की सुन्दरता बढ़ती है।

# मूसलाधार बारिश में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, ललिता गौतम हत्याकांड की निष्पक्ष जांच व दोषियों को कड़ी सजा की मांग

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** संत शिरोमणि रविदास जन्म उत्सव समिति हापुड़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बुधवार को मूसलाधार बारिश के बीच हापुड़ उपजिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राज्यपाल महोदया के नाम ज्ञापन सौंपकर मेरठ के रोहटा थाना क्षेत्र की बीए छात्रा ललिता गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने, दोषियों को कठोरतम दंड दिलाने तथा प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों पर हुए कथित लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के दौरान



सामाजिक संगठन एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने -बहन ललिता गौतम को न्याय दो-, -दोषियों को फांसी दो- और -एसएसपी अविनाश पांडेय को बर्खास्त करो- जैसे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग उठाई। संत शिरोमणि रविदास जन्म उत्सव समिति हापुड़ के प्रधान एवं कांग्रेस नेता नरेश कुमार भाटी (जाटव) ने कहा कि ललिता गौतम की हत्या मानवता को शर्मसार करने वाली अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा उन्हें कठोरतम कानूनी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि न्याय की मांग कर रहे लोगों पर हुए कथित लाठीचार्ज के आरोप बेहद गंभीर हैं। पूरे घटनाक्रम की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता, सुरक्षा और हर संभव कानूनी सहयोग उपलब्ध कराए। उन्होंने इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को शीघ्र कठोरतम दंड दिलाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाती रही है तथा ललिता गौतम को न्याय मिलने तक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

# एम .एल .सी. लाल बिहारी यादव का नूरपुर आगमन पर किया स्वागत

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**नूरपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव व तसलीम अहमद विधायक नजीबाबाद ने नफीस अहमद मंसूरी प्रबंधक न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर के आवास पर आगामी विधान परिषद एम.एल.सी. चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव व शिक्षक विधायक एम.एल.सी. ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की नियुक्तियां आउट सोर्सिंग के माध्यम से कर रही है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में शिक्षकों के पदों को भी आउट सोर्सिंग व्यवस्था लागू की जा



सकती है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों पर बढ़ते विद्युत बिलों के मुद्दे को उन्होंने प्रदेश के बिजली मंत्री के समक्ष विधान परिषद में उठाया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को बिजली बिल में राहत मिलनी चाहिए। शिक्षक विधायक ने वित्तविहीन विद्यालयों के कर्मचारी व शिक्षकों के सम्मान पूर्वक मानदेय का भी समर्थन किया। अंत में उन्होंने आगामी एम. एल.सी. चुनाव में मोहम्मद दानिश अख्तर को विजई बनाने के लिए सभी से सहयोग और समर्थन की अपील की। मुरादाबाद, बरेली खंड शिक्षक के प्रत्याशी एम.एल.सी. उम्मीदवार हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर भी उनके साथ रहे।

# राज्य के आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है : धामी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 97वीं बैठक आयोजित की गयी, जिसमें बैंकिंग सेवाओं, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन तथा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैंकों से आम लोगों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों तक ऋण की पहुंच आसान बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने राज्य में ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बागेश्वर, पौड़ी, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और टिहरी जनपदों में कम ऋण-जमा अनुपात पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि इन जिलों में नियमित रूप से शिविर लगाए जाएं। जिला प्रशासन, लीड बैंक और संबंधित विभाग मिलकर पात्र लोगों की पहचान करें और उन्हें समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य का ऋण-जमा अनुपात आगामी राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी भी पात्र व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी आवेदन में कोई कमी हो तो उसे केवल तकनीकी आधार पर निरस्त करने के बजाय संबंधित व्यक्ति का मार्गदर्शन कर कमियों को दूर कराया जाए।



उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में बैंक सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत लगभग 96 प्रतिशत उपलब्धि और एमएसएमई क्षेत्र में 111 प्रतिशत उपलब्धि राज्य की बेहतर आर्थिक प्रगति का संकेत है। राज्य का ऋण-जमा अनुपात बढ़ना भी सकारात्मक है, लेकिन इसे और बेहतर बनाने के लिए सभी बैंकों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना-2.0, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना, होम-स्टे योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं में पात्र लोगों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, पर्यटन और स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल भुगतान को गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने वित्तीय समावेशन को और मजबूत बनाने तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण में बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार और बैंक मिलकर कार्य करेंगे तो रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता को नई गति मिलेगी तथा राज्य का समग्र विकास और तेजी से होगा।

बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), आईसीआईसीआई बैंक तथा एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए, ताकि साइबर ठगी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु , डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव दिलीप जावलकर, नितेश झा, डॉ बी.वी. आर. सी पुरुषोत्तम, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, श्रीधर बाबू अदांकी, धीरज गर्ब्याल, क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक अरविन्द कुमार, मुख्य महाप्रबंधक हर्ष कुमार गौतम, महा प्रबंधक नाबार्ड पंकज यादव, अध्यक्ष इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड पंकज गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक नई दिल्ली प्रभास बोस, महाप्रबंधक शैलेश कुमार, उप महाप्रबन्धक एसबीआई देहरादून राजीव रंजन, उप महाप्रबन्धक एसबीआई हल्द्वानी राजीव रंजन रतन, सहायक महाप्रबन्धक, एस.एल.बी.सी. उत्तराखण्ड शैलेन्द्र कुमार उनियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत बरारी में 1 हजार वर्ग मीटर स्थान पर 3 हजार पौध रोपण का कार्यक्रम हुआ संपन्न, जनपद में बनाए जायेंगें 101 लाडली वन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** 'एक पेड़ माँ के नाम' तथा 'वृक्षारोपण महाभियान 2026' में क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ पूजा गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के नवाचार में 101 ग्राम पंचायतों में मियावाकी पद्धति से लाडली वन-आओ लौटाए ब्रज की हरियाली की थीम पर वृक्षारोपण का अभियान दिनांक 09 जुलाई 2026 को विकास खंड फरह के ग्राम पंचायत बरारी से शुभारंभ किया गया।

लाड़ली वन में उच्च प्राथमिक विद्यालय की 101 बालिकाओं द्वारा पौधारोपण कर तीन-तीन पौधों को गोद लेकर वृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया। बल्देव विधायक पूरन प्रकाश एवं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा



पौधारोपण किया गया तथा बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सभी अवशेष 100 लाडली वनों को दिनांक 12 जुलाई 2026 तक पूर्ण करने के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों एवं सचिवों को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ पूजा गुप्ता द्वारा समस्त कंसल्टिंग इंजीनियर एवं सचिवों को बरारी में अपनायी गई तकनीकी का अध्ययन कर चिन्हित 100 ग्राम पंचायतों में लाड़ली वन की स्थापना के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ-वृक्ष लगाओ के नारे से ब्रज की हरियाली लौटाने का आवाहन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आओ लौटाए ब्रज की हरियाली। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मियावाकी पद्धति के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त वनों को लाडली वन का नाम दिया गया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मियावाकी पद्धति एक जापानी तकनीक है, जिसके माध्यम से कम स्थान में विभिन्न प्रजातियों के देशी पौधों का सघन रोपण किया जाता है। इस तकनीक से लगाए गए पौधे सामान्य पौधारोपण की तुलना में अधिक तेजी से विकसित होते हैं तथा कम समय में घने वन का स्वरूप ग्रहण कर लेते हैं। इससे जैव विविधता का संरक्षण, वायु गुणवत्ता में सुधार, भूजल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों का नियमित संरक्षण एवं संवर्धन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ पूजा गुप्ता, डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी नेहा रावत सहित विभिन्न माननीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जलभराव से जूझ रहा प्राथमिक विद्यालय पानीगांव द्वितीय, बच्चों की पढ़ाई पर संकट

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** मांट ब्लांक के प्राथमिक विद्यालय पानीगांव द्वितीय में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे विद्यालय में पठन-पाठन व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। विद्यालय परिसर और प्रवेश मार्ग पर लगभग दो फीट तक भरे पानी के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभागों और अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार शिकायतों के बावजूद



समस्या जस की तस बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जलभराव के कारण बच्चों की नियमित उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। और पढ़ाई तक नहीं हो पा रही है। कई अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से हिचक रहे हैं, जबकि विद्यालय परिसर में गंदा पानी भरे रहने से संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने मथुरा के जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिससे कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। वहीं अध्यापिका ने बताया कि लगभग 15 साल से आज तक जल भराव की समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे बच्चों की पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है।

# फरह के पिंगरी गांव में जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, तीन घायल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र के गांव पिंगरी में जमीन के पुराने विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 जुलाई को राजस्व विभाग की मौजूदगी में संबंधित भूमि की पैमाइश कर मेड़ डाली गई थी। आरोप है कि शुक्रवार को एक पक्ष मेड़ को तोड़ने पहुंचा, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई।

घटना के दौरान कुछ लोगों द्वारा अवैध असलहों का प्रदर्शन किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। सूचना मिलते ही फरह पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता देख कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वृक्षारोपण महायज्ञ की तैयारियों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को 12 जुलाई को प्रस्तावित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों एवं व्यापक जनसहभागिता की समीक्षा के लिए प्रदेश के पर्यावरण, वन, जंतु, उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। डीएफओ कार्यालय में आयोजित इस बैठक में गूगल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

बैठक में एसडीओ (वन) वीना तिवारी की उपस्थिति में बैंकिंग संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र, स्वयंसेवी संस्थाओं, आयुर्वेदिक संस्थानों, व्यापार मंडल तथा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने



वृक्षारोपण महायज्ञ को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। साथ ही अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने और पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक सुनील रावत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अग्रहरी, चीफ फार्मासिस्ट अरुण कुमार तिवारी, सेवा निवृत्त संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, वृद्धाश्रम प्रबंधक सिद्धार्थ गौतम, संस्कार भारती के कार्यवाहक अध्यक्ष धीरज गुप्ता, व्यापार संगठन के जिला प्रभारी राणा प्रताप सिंह, नेहरू युवा केंद्र के निशांत पांडे, व्यापार संगठन के महामंत्री नीरज श्रीवास्तव, अध्यक्ष शिवदत्त अग्रहरी, एनसीसी कैडेट मोहम्मद रेहान तथा सहायक सिद्धार्थ शंकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बलदेव का कार्यकाल हमेशा याद रहेगा : कौशल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/बलदेव।** खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार का स्थानांतरण नौहझील होने पर स्थानीय शिक्षकों द्वारा बीआरसी बलदेव पर उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा बीईओ को फूल-माला, अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर बीईओ कौशल कुमार ने कहा कि बलदेव का कार्यकाल सदैव याद रहेगा।पुनः सेवा का अवसर मिला तो अवश्य आऊंगा। वक्ताओं ने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यकाल, उनकी कार्यशैली, और शिक्षा के स्तर को सुधारने में उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एआरपी गीता रावत, डॉ.जगदीश पाठक,सुजीत वर्मा,योगेश चौधरी,विश्वेन्द्र सिंह, राजकुमार,करतार सिंह, पंकज, कर्मवीर सिंह,जितेंद्र सिंह,शैलेन्द्र प्रताप,संत कुमार, अजीत कुमार, प्रतीक मिश्र,दिनेश सिंह,संत कुमार, श्याम बाबू अग्रवाल, कुलरंजन शर्मा ,महेश वर्मा,चंद्रभान सिंह,सोहन पहलवान,भगत सिंह आर्य, मनेंद्र सिंह,प्रीति,जीतू भरंगर,हरिश्चंद्र ,मंगल छौंकर, डॉ.देव परिहार, धीरेन्द्र मिश्रा,पंकज,सुशील,चेतन शर्मा,देवेंद्र चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं लंबित कार्यों की समीक्षा की गयी




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा महानिदेशालय स्थित समग्र शिक्षा सभागार में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमे विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने को डिजिटल लाइब्रेरी, आईसीटी क्लासेस एवं स्मार्ट क्लास से जुड़े कार्यों में तेजी लाकर उन्हें शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

इसके अतिरिक्त, माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों के क्रम में शिक्षकों की वरिष्ठता संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए शिक्षकों की डीपीसी के प्रस्ताव राज्य लोक सेवा आयोग को तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए, ताकि लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण किया जा सके।

उन्होंने बैठक में शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया को भी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

# नर सेवा ही नारायण सेवा- पूनम सिंह

## समाजसेविका एडवोकेट पूनम सिंह ने अपना घर आश्रम में वितरित की प्रसादी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म बताते हुए गोवर्धन स्थित वंशीवट के अपना घर आश्रम में समाजसेविका एवं अधिवक्ता पूनम सिंह द्वारा असहाय निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों को श्रद्धापूर्वक प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान आश्रम में सेवा और सहयोग का भाव देखने को मिला।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी प्रेम सहयोग और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं।

प्रसादी वितरण के दौरान आश्रम में रह रहे लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर संत अमर दास बाबरा जी महाराज ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही



सच्ची ईश्वर भक्ति है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से समय समय पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

तो वही आश्रम में मौजूद सभी असहाय और जरूरत मंदो की बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ सेवा की गई। और सभी के लिए प्रसादी दी गई। इस मौके पर राजेंद्र सिंघल संजीव अग्रवाल लोकेश पचौरिया राहुल सिंह केशव मुखिया बिहारी चंदोरिया अंशुल अग्रवाल लोकेश शर्मा एवं राहुल ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोरों पर एसएसबी के साथ औषधि विभाग की छापेमारी, पांच संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच को भेजे

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**अलीगढ़ वा/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सहयोग से अलीगढ़वा और बढ़नी क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान दो मेडिकल स्टोरों से कुल पांच संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए।

औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़वा स्थित डॉक्टर खान मेडिकल स्टोर पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगा दी गई। इसकी सूचना प्रभारी थानाध्यक्ष कपिलवस्तु को भी दी गई।

वहीं सोना मेडिकल स्टोर, अलीगढ़वा से दो संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। इसके अलावा बढ़नी के लोहिया नगर स्थित शशी फार्मा के निरीक्षण में तीन संदिग्ध दवाओं के नमूने संग्रहित किए



गए। यहां भी दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति सहायक आयुक्त (औषधि), बस्ती मंडल को भेजी गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि राजकीय प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण पर्यावरण के संतुलन और स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है: डा. सुरेश चंद्रा

## अधीक्षक ने वृक्षारोपण कर अभियान की किया शुरूआत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा. सुरेश चंद्रा ने वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा. सुरेश चंद्रा ने बृहस्पतिवार को वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरण के संतुलन और स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं, प्रदूषण कम करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और वर्षा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

उन्होंने कहा कि पेड़ प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो सभी जीवों के जीवित रहने के लिए अनिवार्य है।

पेड़ वातावरण से धूल, धुएं और अन्य हानिकारक गैसों को छानकर वायु प्रदूषण को कम करते हैं। वृक्ष बादलों को आकर्षित करके अच्छी बारिश में सहायक होते हैं। इनकी जड़ें मिट्टी को बांधकर रखती हैं, जिससे भू-जल स्तर बढ़ता है और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव होता है।

पेड़ 'कार्बन सिंक' (Carbon Sinks) के रूप में कार्य करते हैं, जो ग्रीनहाउस गैसों को कम करके ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming) के प्रभाव को धीमा करते हैं।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 12 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान क्षेत्र के सभी सब सेंटर, सीएचओ सेंटर, एएएम सेंटर, सीएचसी व पीएचसी पर कुल 1650 पेड़ लगाये जाएंगे। इस अवसर पर सभी स्वास्थ्यकर्मियों में पेड़ का वितरण किया गया।

इस मौके पर डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. हिमांशु, डॉ. अभय गुप्ता, आईओ मुहम्मद कौसर खां, बीपीएम राजेश कुमार पाण्डेय, बीएएम राजेश पाण्डेय, अबुल कलाम, अफजाल अहमद, राजकुमार, अर्जुन प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# सड़क निर्माण में खामी से वार्ड-13 में जलभराव, व्यापारियों ने डीएम से लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**कांधला।** नगर पालिका परिषद के वार्ड-13 में निमार्णाधीन सड़क के कारण जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या गहरा गई है। लगातार बारिश के चलते दुकानों और मकानों के बाहर पानी भरने से व्यापारियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने पालिका प्रशासन और निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। पालिका कार्यालय के निकट वार्ड-13 में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मुख्य सड़क से पानी निकालने वाले नालों का स्तर सड़क की अपेक्षा ऊंचा कर दिया गया है। इसके चलते बारिश का पानी नालों में जाने के बजाय दुकानों और मकानों के सामने जमा हो रहा है। जलभराव के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है, वहीं दुकानों में पानी घुसने की आशंका से व्यापारी आर्थिक नुकसान को लेकर चिंतित हैं। व्यापारियों का कहना है कि जल निकासी बाधित होने से क्षेत्र में गंदा पानी जमा है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। समस्या से परेशान व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने तथा सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। इस दौरान सतीश कुमार, प्रवीण कुमार गोयल, संजय कुमार, रामबाबू धीमान, तेज सिंह मित्तल सहित दर्जनों व्यापारी शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने बताया कि वार्ड-13 की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित गली के निर्माण का टेंडर जल्द जारी किया जाएगा। साथ ही जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा।

# हल्की बरसात में ही चौराहे हुए जलमग्न, समस्या के समाधान की मांग



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को कुछ मिनटों की ही बरसात ने प्रमुख चौराहे जल मग्न हो गये। जलनिकासी की सुविधाओं के अभाव में बरसात का पानी सड़कों पर फैला हुआ है जो कि राहगीरो की परेशानी का सबब बना हुआ है। कुछ मिनटों की बरसात से बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर स्थित बाघनगर, उसरा शहीद, सेमरियावा, लोहरौली बाजार सहित प्रमुख चौराहे जलमग्न हो गये। जलनिकासी के लिये नाला निर्माण नहीं होने से प्रमुख चौराहो पर जलजमाव जैसी हालत बनी हुई है जो कि ग्रामीणों सहित राहगीरो की परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण मुनीर अहमद, अफजाल अहमद, अबू बकर, अब्दुल हकीम, सुहैल अहमद, तनसीव अहमद रोमी, मसूद अहमद, महफूज अहमद, अतीक सिद्दीकी आदि ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# थाना दुधारा पुलिस ने हत्या के प्रयास/गैर-इरादतन हत्या के मुकदमे से संबंधित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 02 अदद लाठी-डंडे बरामद

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास / गैर इरादतन हत्या के मुकदमे से सम्बंधित 03 नामजद अभियुक्तों को पंचावा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा के थानाध्यक्ष अमित कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, उ0नि0 सतीश कुमार तिवारी, हे0का0 रंजन कौशल, का० सोनू यादव, का0 मनीष वर्नवाल, का० अरविन्द गौड, रि०का० रत्नेश अग्रहरी तथा चालक का० भूपेन्द्र दूबे ने मुखबिर की सूचना पर अनिल कुमार पुत्र ज्ञान दास, रोहित कुमार पुत्र राम सुभग, राहुल कुमार पुत्र मोलहू प्रसाद निवासीगण ग्राम टेकन्सी टेकन्सा को मु0अ0सं0 0271/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/105/3(5) भारतीय न्याय संहिता (BNS) से सम्बंधित अभियुक्तों को पंचावा मोड़ के पास से समय करीब 03:20 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना स्थल (अहिरौली तिराहा) के पास खेत से वारदात में प्रयुक्त 02 अदद लकड़ी के डंडे/फट्टा भी बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने कड़ाई से पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि पुरानी रंजिश के कारण दिनांक 23.06.2026 को अहिरौली तिराहे पर साधू पान की दुकान के पास इन लोगों ने अपने ही गांव के अजय कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद को लाठी-डंडों व लात-मुक्कों से जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटा था। इसके बाद अभियुक्तों ने पीड़ित के घर जाकर भी दोबारा मारपीट की थी। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण पीड़ित अजय कुमार कोमा में चला गया था, जिसकी इलाज के दौरान दिनांक 07.07.2026 को मृत्यु हो गई। अजय कुमार की मौत की खबर सुनकर तीनों अभियुक्त आज जिले से बाहर भागने की फिराक में पंचावा मोड़ पर खड़े थे, तभी पुलिस टीम ने इन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया।

# महिला से दुष्कर्म के आरोपी को क पुलिस ने दबोचा, घर में घुसकर वारदात को दिया था अंजाम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र में महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी महिला को धमकी देते हुए फरार हो गया था। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल पुत्र प्रमोद कुमार निवासी गंगेरू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि आरोपी ने एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया था आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# कांधला पालिका के सफाई कर्मचारी यूनियन का गठन, सन्नी बने अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद कांधला के सफाई कर्मचारियों ने संगठन की एकता और कर्मचारियों के हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से नई यूनियन का गठन किया। सर्वसम्मति से आयोजित बैठक में सन्नी पुत्र कल्लू को सफाई कर्मचारी यूनियन का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। कस्बे के मोहल्ला माजरा के वाल्मीकि मंदिर परिसर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कर्मचारियों ने यूनियन की एकता एवं अखंडता बनाए रखने पर जोर देते हुए सर्वसम्मति से सन्नी को अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया। बैठक में मौजूद सभी सफाई कर्मचारियों ने उनके नाम का समर्थन किया। यूनियन के गठन के बाद दर्जनों सफाई कर्मचारी और समर्थक नगर पालिका परिषद पहुंचे, जहां नवनियुक्त अध्यक्ष सन्नी का ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सभी सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नगरवासियों से भी साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। वहीं वार्ड सभासद कय्यूम जंग का भी सफाई कर्मचारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रोहित, राजेश, राजकुमार, राहुल, विनोद, अजय, राजन, धीरज, रीता, सागर, सचिन, सुमित, रामकिशन, विनय, विकास, रोशनलाल, लक्ष्मी, कृष्णपाल, मनोज, विशाल, बिजेंद्र, ओम, ओमप्रकाश, दिनेश, तरुणा, रमेशचंद सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एवं यूनियन से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा के पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर का जोरदार स्वागत



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**कांधला।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर और जिला अध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप के नगर आगमन पर कार्यकताओं ने दिल्ली बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं के साथ दोनों नेताओं का अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन और मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने किया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने संगठन के पक्ष में नारे लगाते हुए नेताओं का स्वागत किया। नवाब सिंह नागर ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कांधला मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के उत्साह व संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इसी एकजुटता से संगठन और मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप ने कार्यकताओं से जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रतिभा उर्फ सिमरन, कुशांक चौहान, दीपक गुप्ता, विनीत शर्मा, अशोक चौहान, मनुव्वर चौहान, वीरेंद्र जैन, सतवीर कश्यप, राजीव शर्मा, अंकित शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना कोतवाली खलीलबाद परिसर में श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर की हुई स्थापना, पुलिस अधीक्षक ने की प्राण-प्रतिष्ठा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के कर-कमलों द्वारा बृहस्पतिवार को कोतवाली खलीलाबाद थाना परिसर में नवनिर्मित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर की विधि-विधान से स्थापना एवं मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण और शंखध्वनि से पूरा थाना परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजन के दौरान विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, शांति और पुलिस विभाग के कल्याण की कामना की, इसके पश्चात मंदिर में भगवान शिव (श्री पिपलेश्वर महादेव) सहित अन्य देवी-देवताओं की विग्रह मूर्तियों को पूरे आदर और श्रद्धा भाव के साथ स्थापित कर उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना परिसर में मंदिर की स्थापना से पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति मिलेगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। दिन-रात तनावपूर्ण ड्यूटी करने वाले पुलिस जवानों के लिए यह स्थान आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। धार्मिक अनुष्ठान की पूणार्हुति के बाद उपस्थित समस्त अधिकारीगण, पुलिसकर्मियों और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे, थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय व भारी संख्या में पुलिस बल तथा स्थानीय गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, समय से व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को 11 जुलाई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ बीएसए ग्राउंड का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने विकास खंडवार लाभार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रत्येक विकास खंड के लिए अलग-अलग बैनर लगाने तथा विवाह सामग्री वितरण स्थल पर भी स्पष्ट सूचना पट्ट लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वितरित किए जाने वाले सामानों की सूची का बैनर भी प्रदर्शित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था या कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शेष सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के लिए उद्यान विभाग देगा नि:शुल्क पौधे








**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** 12 जुलाई, 2026 को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को सफल बनाने के लिए जिला उद्यान विभाग ने सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, सहकारी समितियों, किसानों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की है। इसके लिए विभाग द्वारा निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी विमलकान्त ने बताया कि विभागीय लक्ष्य के अंतर्गत अमरूद, आंवला, बेल, नींबू, सहजन, जामुन, कटहल, करौंदा सहित विभिन्न प्रजातियों के बीजू पौधों का वितरण किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति राजकीय पौधशालाओं सोनवल, बसडिलिया, गोबरहा एवं डुमरियागंज से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि पौधों की सुरक्षा, सिंचाई, निराई-गुड़ाई तथा नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए, ताकि लगाए गए पौधे जीवित रहकर पर्यावरण संरक्षण में प्रभावी योगदान दे सकें। आवश्यकता के अनुसार पौधों की मांग जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, अशोक मार्ग से भी की जा सकती है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पुलिस कर्मी की दर्दनाक मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा

वेलकम इंडिया संवाददाता







**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** सड़क हादसे में बाइक और पिक अप की आमने सामने की हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक पी ए सी में तैनात जवान अपनी ड्यूटी करके बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। पिक अप चालक मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा।

गुरुवार की सुबह औरंगाबाद जहांगीराबाद रोड पर रतनपुर भट्टे के सामने तीव्र गति से आ रही एक पिक अप ने एक बाइक को टक्कर मार दी। पिक अप की टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक उछल कर दूर सड़क पर जा गिरा। बाइक से टकराकर पिक अप भी पलट गई। पिक अप में ट्रांस्फार्मर लदे हुए थे। बाइक सवार की पहचान जेब में मिले कागजों से प्रशांत जाटव निवासी ग्राम जवासा थाना खानपुर के रूप में हुई। प्रशांत 41 बटालियन पीएसी गाजियाबाद में तैनात थे और अपनी ड्यूटी करके बाइक से गांव वापस लौट रहे थे।

घटना की सूचना पाते ही औरंगाबाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। सड़क पर पलटी ट्रांसफार्मर लदी पिक अप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया जबकि चालक मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा।मृतक के परिजनों और बटालियन को घटना की सूचना दे दी गई है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मौके पर पहुंचे परिजनों के करुण क्रंदन को सुनकर हर आंख नम हो गई।पुलिस सरगर्मी से सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## करेंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर खुर्जा में करेंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी की दर्दनाक मौत। गांव किला मेवई में सर्विस केबल मरम्मत करते समय हुआ हादसा। सर्विस केबल की मरम्मत करते समय विद्युत आपूर्ति थी चालू। फॉल्ट ठीक करने गए संविदा कर्मी की करंट की चपेट में आने से मौत। खुर्जा देहात के गांव फतेहपुर बुजुर्ग का निवासी था 26 वर्षीय सनी। खुर्जा नगर के मंदिर रोड स्थित 5 नंबर विद्युत उपकेंद्र पर 2 वर्ष से संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत था सनी। हादसे खबर से परिवार में पसरा मातम। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक माह में करंट की चपेट से दूसरे संविदाकर्मी की हुई है मौत। कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के सिद्धेश्वर मंदिर रोड स्थित गांव किला मेवई की घटना।

# नगरपालिका परिषद की बैठक में रखे गए विकास कार्य प्रस्ताव



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** नगरपालिका परिषद स्याना की बोर्ड बैठक चौधरी ऋषिपाल सिंह पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में पालिका के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसका संचालन सेवाराम राजभर अधिशासी अधिकारी ने किया। बैठक में बोर्ड के सभी सम्मानित निर्वाचित सदस्यगण एवं शासन से नाम निर्दिष्ट सभी सदस्यगण उपस्थित हुए। बोर्ड बैठक में आय-व्यय का अनुमोदन किया गया।

नगर में कराये जाने वाले विकास कार्यो की न्यूनतम निविदाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई। तहसील प्रांगण/ग्रामीण न्यायालय के निकट बने शौचालय का पुर्ननिर्माण तहसील प्रांगण में उपयुक्त स्थान पर कराने का निर्माण लिया गया।

उपस्थित सभासदों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य कराने के प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत होली चौराहा से मंशा देवी मंदिर तक सड़क और नाली का निर्माण एवं पालिका कार्यालय से बुलन्दशहर स्टैण्ड तक मार्ग के दोनों ओर फैंसी लाईट/पोल्स लगाने के लिये 103.76 लाख के प्रस्ताव शासन को भेजने और सीवर/जल निकासी हेतु दो करोड़ रुपए, प्रकाश व्यवस्था हेतु एक करोड़ पचास लाख रुपए, पेयजल व्यवस्था हेतु दो करोड़ रुपए एवं सफाई व्यवस्था एवं अन्य विकास कार्यों हेतु एक करोड़ पचास लाख रुपए के प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। सुमित्रा देवी सभासद, सुनील कुमार चपरासी एवं श्यामलाल सफाई कर्मचारी की आक्समिक मृत्यु हो जाने पर शोक प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। अन्त में पालिकाध्यक्ष ने सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रकट करते हुए बैठक का समापन किया।

## प्रयागराज में सपा का निशिकांत दुबे के खिलाफ प्रदर्शन, FIR की मांग पर अड़े कार्यकर्ता



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रयागराज में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने बुधवार शाम को सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरिजाघर पर धरना प्रदर्शन किया। इससे पहले सपा के नेता और कार्यकर्ता पहले जिलाधिकारी कार्यालय गए और एडीएम को ज्ञापन दिया। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के एक बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। सपा कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर निशिकांत दुबे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुलिस प्रशासन से उनके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की। निशिकांत दुबे ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राम मंदिर चंदा चोरी के आरोपी टिन्नू यादव के बीच नजदीकी होने का दावा किया था, जिसके बाद से ही सपा खेमे में भारी नाराजगी है। वहीं करछना विधान सभा 260 के सपा से भावी प्रत्याशी इंजीनियर दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि समाज में आपसी सद्भाव बिगाड़कर तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। महंगाई गरीबी पेपर लीक, ी20 जैसे मुद्दे से ध्यान भटकने की कोशिश की जा रही है।

# दो मंजिल मकान की नीचे की पूरी दीवार गिरने से बड़ा हादसा टला





वेलकम इंडिया संवाददाता



**रामघाट/बुलंदशहर।** लगातार मूसलाधार हुई बरसात से दो मंजिल मकान की नीचे की पूरी दीवार नीम में बरसात का पानी जाने से कारण भराभर गिर गई जिस मकान में रह रहे किराएदार के साथ बड़ा हादसा टल गया है। वहीं मिनी सचिवालय की दीवार गिर जाने से हजारों की क्षति हुई है प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगढ़ रामघाट कल्याण सिंह मार्ग जरगवां में धर्मेंद्र सिंह लोधी रोडी बदरपुर वाले की दुकान के पास धारा सिंह यादव चिरौरी निवासी का दो मंजिल मकान बना हुआ है जिस मकान में मलखान सिंह नाम का बिरयानी बेचने वाला अपने चार परिवारों के साथ रह रहा था इस दो मंजिला मकान के सहारे कोई सपोर्ट ना होने के कारण दीवार में बरसात का पानी भर जाने से रात्रि में पहली मंजिल की दीवार रात्रि में अचानक गिर गई जिस मकान में रह किराएदार के परिवार के साथ बड़ा हादसा टल गया है किराएदार ने मकान खाली कर दिया है अभी भी उस मकान को गिरने खतरा बना हुआ है। वही जरगवां के होली वाले मोहल्ले में मिनी सचिवालय नाम से बनी हुई बिल्डिंग की पूरी दीवार गिर गई है जिससे हजारों रुपए की क्षति हुई है बताते हैं अगर दीवार दिन में गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## साइड बचाने में पलटी ई रिक्शा, 40 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत



वेलकम इंडिया संवाददाता



**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू थाना क्षेत्र के गांव पला खेड़ा की रहने वाली करीब 40 वर्षीय सुनीता देवी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुनीता देवी ई-रिक्शा से पला खेड़ा से पहासू जा रही थीं।

इसी दौरान फतेहाबाद के सामने साइड बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अचानक पलट गया। हादसे में महिला उसके नीचे दब गई, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# एनडीआरएफ की त्वरित कार्यवाही से गंगा नदी में डूब रहे युवक की बचाई गई जान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**वाराणसी।** 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की टीम ने गुरुवार को प्रातः लगभग 7:30 बजे गंगा नदी के दांडी घाट पर पिकेट ड्यूटी के दौरान एक युवक को स्नान करते समय गहरे पानी में डूबते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मौके पर तैनात एनडीआरएफ के प्रशिक्षित बचावकर्मी तत्काल सक्रिय हुए तथा बिना विलंब किए नदी में उतरकर बचाव अभियान प्रारंभ किया। एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने अपने विशेष प्रशिक्षण एवं मानक जल-राहत तकनीकों का कुशलतापूर्वक प्रयोग करते हुए युवक को सुरक्षित गहरे पानी से बाहर निकालकर नदी तट तक पहुंचाया। बचाए गए युवक की पहचान ऋषु राज (20 वर्ष) पुत्र सतीश कुमार पटेल निवासी नालंदा,बिहार के रूप में हुई। समय पर की गई त्वरित एवं पेशेवर कार्यवाही के कारण युवक की जान सुरक्षित बचाई जा सकी।

घटना के समय दांडी घाट एवं आसपास के घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे बचाव अभियान को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा एनडीआरएफ की तत्परता, दक्षता एवं साहसिक कार्य की सराहना की। यह सफल बचाव अभियान आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में एनडीआरएफ की उच्च स्तरीय तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा जनसेवा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक है।

इस घटना के उपरांत 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नदियों एवं अन्य जलाशयों में स्नान अथवा अन्य गतिविधियों के दौरान जल सुरक्षा संबंधी सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने लोगों से गहरे पानी में जाने से बचने, चेतावनी संकेतों पर ध्यान देने तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों के निदेशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सतर्कता ही डूबने जैसी दुर्घटनाओं की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। विशेषकर मानसून के दौरान नदियों का जलस्तर एवं जलधारा का वेग अचानक बढ़ सकता है इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरतना आवश्यक है। एनडीआरएफ जन-जागरूकता, आपदा प्रबंधन तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

## राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धार्थनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव ने टीम के साथ छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गुड समेरिटन योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने पर मिलने वाले 25 हजार रुपये के पुरस्कार, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के कानूनी प्रावधान, स्टंटबाजी, तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पंपलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बुनकर पार्क में युवजन सभा का हरित अभियान,50 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

### नाटी इमली में पौधरोपण अभियान युवजन सभा कार्यकताओं ने दिया हरियाली बढ़ाने का संदेश







वेलकम इंडिया संवाददाता

**वाराणसी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाटी इमली स्थित बुनकर कॉलोनी के बुनकर पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में महानगर युवजन सभा वाराणसी के अध्यक्ष राहुल गुप्ता एवं महानगर उपाध्यक्ष अनूप खरवार, विधानसभा अध्यक्ष सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता,महानगर सचिव जीशान अंसारी,सागर जायसवाल, कैलाश यादव तथा विजय यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है सभी लोगों से अपने आसपास हरियाली बढ़ाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया। उक्त अवसर पर राहुल गुप्ता महानगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा वाराणसी,अनूप खरवार महानगर उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष,शैलेन्द्र कुमार सिंह महानगर सचिव,जीशान अंसारी महानगर सचिव,सागर जयसवाल महानगर सचिव,कैलाश यादव महानगर सचिव,विजय यादव महानगर सचिव सहित इत्यादि कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात भरत कुमार सोनकर द्वारा जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डायवर्जन प्वाइंट, पार्किंग स्थलों, संवेदनशील स्थानों तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात संचालन को सुचारू बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए।

साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यातायात राजपाल तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद पुलिस कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर मोदीनगर में चला सघन वृक्षारोपण अभियान

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी 'साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान' के अंतर्गत मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के कदराबाद, गोविंदपुरी सहित विभिन्न स्थानों पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा जनभागीदारी का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके वृक्ष बनने तक नियमित रूप से उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए अभियान केवल सामाजिक न्याय का आंदोलन ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और वृक्षारोपण इस दिशा में सबसे प्रभावी कदम है।

प्रदेश महासचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गिरीश मथुरिया सैन ने कहा कि वृक्षारोपण भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। आज जलवायु परिवर्तन और बढ़ता प्रदूषण पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं।

ऐसे समय में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला ने कहा कि मानसून का समय पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त होता है। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके वृक्ष बनने तक उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का जन्मदिवस समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा, संवेदना, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सरोज प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष बॉबी सैन, सत्यपाल, मोहन, अक्ष रुहेला, प्रदीप सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन किसान भाकियू किसान सभा ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में किसानो ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोदीनगर को सोंपा।



ज्ञापन में रखी गई मुख्य मांगो में खिदोडा धोलडी मार्ग पर सरकारी भूमि में एक लेखपाल ने हरे वृक्षों को जड़ से उखड़वाकर बेचने का प्रयास किया। किसानों के विरोध करने पर ऊंची पहुंच का हवाला देकर लेखपाल ने उनसे बदतमीजी की।दोषी लेखपाल के खिलाफ जांच करवाई की मांग की गई। बिजली के जर्जर खंबे व बिजली लाइन को बदलवाने की मांग सहित तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विद्युत विभाग द्वारा बिना सूचना दिए बिजली लोड बढ़ाने से किसानों में भारी रोष फैला है। किसानों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं पर ध्यान ना दिया गया तो मोदीनगर तहसील में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।ज्ञापन देने वालों में सत्येंद्र त्यागी राष्ट्रीय संरक्षक,राष्ट्रीय सचिव अनिल त्यागी,आकाश त्यागी एनसीआर अध्यक्ष,रोहित त्यागी पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव, बिट्टू त्यागी, सभासद रजन त्यागी, मदनलाल फौजी, सुनील त्यागी, गालिब खान,शोएब खान,अफजल मोहम्मद,विश्वास त्यागी,सचिन त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, चोरी की एक्टिवा और तमंचा बरामद



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक एक्टिवा स्कूटी, एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर शौचालय कट, डीएलएफ क्षेत्र से जाकिर (30) निवासी नई सीमापुरी, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में बरामद स्कूटी चोरी की निकली। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2), 317(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता ग्रहण एवं स्वागत समारोह सम्पन्न,लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विजयनगर स्वर्गीय विक्रम प्रमुख जाटव की धर्मशाला में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता ग्रहण एवं स्वागत समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। अनेक लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की



कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल परिवार में शामिल होने वाले सभी नए साथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा संगठन की विचारधारा के साथ जनसेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की, जबकि सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने किया। कार्यक्रम का संयोजन अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी रहे। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का मजबूत संगठन है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करने तथा अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोकदल की जनहितकारी नीतियों से जोड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नौशाद, वेद प्रकाश, जगदीश, रुपेश, नीरज कुमार, अजय कुमार, सुधीर कुमार, नसीम, नानी, हर्षित कुमार सहित अनेक साथियों ने राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, विधानसभा अध्यक्ष आलोक चौधरी, नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी, सीताराम सेन, पूर्व सभासद शिवकुमार बावरिया, अमित चौहान नरेंद्र, चंद्रपाल, कल्याण सिंह, जितेंद्र, देवांश, ललित, बिजेंद्र, मनीष सहित राष्ट्रीय लोकदल के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जलभराव बना हादसे की वजह, सेक्टर-63 में कंपनी की दीवार ढही



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** नोएडा। सेक्टर-63 स्थित ई-45 में गुरुवार को जलभराव के बीच एक कंपनी की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में नाली जाम होने के कारण सड़क पर पानी भर गया था, जिससे दीवार की नींव कमजोर हो गई और वह ढह गई।

गनीमत रही कि घटना के समय दीवार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दीवार गिरने के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था लंबे समय से प्रभावित है और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बनी रहती है। लोगों ने संबंधित विभाग से नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा आसपास की जर्जर संरचनाओं का निरीक्षण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# आरकेजीआईटी ने आईआईटी मंडी के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता एवं उद्योगोन्मुखी कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद ने आईआईटी मंडी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में माइनर डिग्री प्रोग्राम संचालित करने हेतु मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कार्यक्रम आरकेजीआईटी के सभी पात्र विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगा।



इस शैक्षणिक सहयोग के अंतर्गत आईआईटी मंडी प्रत्येक सेमेस्टर में एआई से संबंधित एक विषय का डिजाइन एवं अध्यापन करेगा। इन विषयों का मूल्यांकन एवं परीक्षा भी आईआईटी मंडी द्वारा आयोजित की जाएगी। छह सेमेस्टर का यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को आईआईटी मंडी द्वारा एआई में माइनर डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आरकेजीआईटी के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को देश के अग्रणी तकनीकी संस्थान से अत्याधुनिक एआई शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। इससे उनकी तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता तथा रोजगार की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह कक्ळ मंडी के कैंपस में हुआ, जिसमें आईआईटी मंडी की ओर से प्रो. तुषार जैन (हेड, सी. सी. ई.) तथा आरकेजीआईटी की ओर से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान एवं डॉ. रामेंद्र सिंह, डीन एक्रेडिटेशन उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक डॉ बी. सी. शर्मा ने बताया कि यह साझेदारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बहुविषयक एवं कौशल-आधारित शिक्षा के उद्देश्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आरकेजीआईटी का विश्वास है कि यह पहल विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की एआई शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगी।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट बना सीखने की पाठशाला, प्रशिक्षु डीएसपी को पुलिस कमिश्नर ने पढ़ाया स्मार्ट पुलिसिंग का पाठ




कपिल चौहान

**नोएडा(वेलकम इंडिया)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में प्रशिक्षणरत 11 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) ने कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अध्ययन भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान पुलिस आयुक्त ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए आधुनिक एवं तकनीक आधारित पुलिसिंग, स्मार्ट कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध नियंत्रण, जनकेंद्रित पुलिस व्यवस्था तथा बदलते समय में पुलिस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए तकनीक, संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का समन्वय आवश्यक है।

पुलिस आयुक्त ने अपने प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और जनता के प्रति जवाबदेह पुलिसिंग का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की कार्यप्रणाली और आधुनिक पुलिस व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी प्राप्त की।

# आर.के.जी.आई.टी. में 21 दिवसीय समर कैंप का समापन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आर.के.जी.आई.टी. के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित तीन सप्ताह चले समर कैंप का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कैंप में उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली-एनसीआर के कुल 42 इंजीनियरिंग कॉलेजों से लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेट कैंप सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शांतु पुरकैत द्वारा छात्रों को नेटवर्किंग, वेब डेवलपमेंट, एथिकल हैकिंग तथा एंड्रॉयड के साथ कोर जावा पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने समर कैंप के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समर कैंप में भाग लेने वाले छात्रों ने प्रशिक्षण सत्रों की सराहना करते हुए आर.के.जी.आई.टी. प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस कैंप से उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान मिला है, बल्कि इससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले प्लेसमेंट प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। छात्रों ने यह भी कहा कि भविष्य में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आर.के.जी. आई.टी. गाज़ियाबाद एक बेहतरीन विकल्प है। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण एच. जी. गर्ग, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव एवं डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप का आयोजन डॉ. अमित सिंघल एवं डॉ. प्रमोद कुमार सागर के निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान ने समर कैंप के आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई व धन्यवाद दिया।



# स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त, नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, फिटनेस और शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई।



अपर जिलाधिकारी (नगर) ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को स्कूल वाहनों का नियमित निरीक्षण करने तथा सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों और विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्कूल वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, स्पीड गवर्नर तथा चालक-परिचालकों के पुलिस सत्यापन की समीक्षा की गई। सभी विद्यालयों को निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए।

एआरटीओ (प्रवर्तन) विनीत कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद में विद्यालयी वाहनों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन मिलने पर प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। बैठक में पुलिस, शिक्षा एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन से यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वाहन चालकों को नियमित प्रशिक्षण देने तथा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

बैठक में परिवहन, शिक्षा, पुलिस, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं विद्यालय संचालक उपस्थित रहे।

# नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** थाना अंतर्गत गोविंदपुरी शिवचौक के निकट नाले में एक 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को गोविंदपुरी क्षेत्र में शिव चौक के पास नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा होने की सूचना स्थानीय लोगों को मिली। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नाले से निकलवा कर अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक नाले में कैसे गिरा पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

# मुजफ्फरपुर कांटी के नवनियुक्त बीडीओ किशन चांद्रयाण से मिले शांति मुकूल शर्मा, दी बधाई

वेलकम इंडिया संवाददाता

**वाराणसी/मुज्जफरपुर।** कांटी प्रखंड के नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ )के रूप में कार्यभार संभालने के उपरांत किशन चांद्रयाण से समाज सेवी श्री शांति मुकूल शर्मा पीडब्ल्यूडी डीपीओ ने औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान श्री शर्मा ने नवागत बीडीओ का स्वागत करते हुए कांटी प्रखंड के विकास कार्यों और दिव्यांग जनों के जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा की उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री चांद्रयाण के कुशल नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी तथा आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। इस अवसर पर नवनियुक्त बीडीओ किशन चांद्रयाण ने श्री शांति मुकूल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए वे पूरी निष्ठा और तत्परता से कार्य करेंगे।



# मूसलाधार बारिश से गाजियाबाद बेहाल, जलभराव और जाम ने थामी शहर की रफ्तार

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गुरुवार को हुई लगातार और मूसलाधार बारिश ने गाजियाबाद में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया। शहर के अधिकांश प्रमुख मार्गों और रिहायशी इलाकों में जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सुबह से शुरू हुई बारिश के चलते कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई और जगह-जगह लंबा जाम लग गया। कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं तथा अन्य राहगीर घंटों तक जाम में फंसे रहे। विजयनगर, साहिबाबाद, वसुंधरा, इंदिरापुरम, गोविंदपुरम, लाल कुआं सहित कई क्षेत्रों में सड़कें पानी से लबालब भर गईं। कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी दिखाई दीं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण कई वाहन बीच सड़क में बंद हो गए, जबकि कई जगहों पर वाहन गहरे गड्ढों में फंस गए। इससे यातायात और अधिक प्रभावित हुआ तथा लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी विलंब हुआ।

बारिश के दौरान सबसे अधिक परेशानी उन स्थानों पर देखने को मिली, जहां पहले से सड़कें क्षतिग्रस्त थीं। पानी भर जाने के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं दिए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई। कुछ स्थानों पर वाहन गड्ढों में उतर गए और लोगों को स्थानीय नागरिकों की मदद से बाहर निकालना पड़ा। विशेषज्ञों का मानना है कि जलभराव के दौरान सड़क पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। लगातार हुई बारिश के बाद नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई।

पहली ही तेज बारिश में शहर के कई इलाकों में जलभराव होने से नगर निगम के दावों की पोल खुलती दिखाई दी। लोगों का कहना है कि नालों की समय पर सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बारिश में यही स्थिति उत्पन्न होती है।

शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात पुलिसकर्मी व्यवस्था संभालते नजर आए। कई स्थानों पर जलभराव के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बारिश और जाम के कारण एंबुलेंस तथा अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर निगम से जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए स्थायी समाधान करने की मांग की है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें तथा जलभराव वाले मार्गों पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। पानी से ढकी सड़कों पर गड्ढों का अनुमान लगाना कठिन होता है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही लोगों से मौसम की स्थिति को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने और यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने की भी अपील की गई है।


विजयनगर गौशाला


लोनी


इन्दिरापुरम


लाल कुंआ


एबीईएस एनएच-9


वसुंधरा में कार और स्कूटी गड्ढे में समाई


डासना में फंसी गाड़ी


गाजियाबाद जाम में फंसी गाड़ियां

## सर्वोदय नगर में जलभराव में डूबकर 3 साल की बच्ची की मौत









गाजियाबाद। विजय नगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में गुरुवार को बारिश के बाद हुए जलभराव ने एक मासूम की जान ले ली। घर के बाहर भरे पानी में गिरने से 3 वर्षीय मानवी की डूबकर मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे–24 पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाकर खुलवाया। जानकारी के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सर्वोदय नगर में कई फुट तक पानी भर गया था। बच्ची के माता–पिता घर में भरे पानी के कारण ऊपर की मंजिल पर काम कर रहे थे। इसी दौरान मासूम मानवी नीचे आई और घर के बाहर जलभराव में गिर गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता सुशील कुमार ने बताया कि वह किराये के मकान में रहते हैं और जलभराव के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना के बाद लोगों ने नगर निगम की जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही विजय नगर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी उपासना पाण्डेय ने बताया कि परिजनों की मांगों से संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बारिश के बीच हुए इस हादसे ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था और नगर निगम की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




## एमएमजी अस्पताल में बड़ा हादसा टला, तेज बारिश के बीच छत से गिरा प्लास्टर

गाजियाबाद के करीब 70 वर्ष पुराने जिला एमएमजी अस्पताल में गुरुवार को तेज बारिश के दौरान एक्स–रे गैलरी की छत से प्लास्टर गिर गया। घटना के समय गैलरी में मौजूद मरीजों और तीमारदारों में दहशत फैल गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण भवन के जर्जर हिस्से से प्लास्टर टूटकर नीचे गिरा।





घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कराया और सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, भवन की स्थिति को देखते हुए अस्पताल के कुछ विभागों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं इस घटना ने पुराने अस्पताल भवन की मरम्मत और पुनर्निर्माण की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

## प्रताप विहार में जलभराव पर प्रशासन हरकत में

## बीजेपी प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा के हस्तक्षेप पर डीएम ने किया निरीक्षण





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के प्रताप विहार में लगातार बारिश के बाद दो हजार से अधिक घरों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने पर बीजेपी प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ ने मौके पर पहुंचकर हालात का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर स्थिति की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने आवास विकास परिषद, जल निगम, जीडीए और नगर निगम के अधिकारियों को जलभराव के कारणों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास विकास परिषद के अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराने के निर्देश भी दिए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हर मानसून में प्रताप विहार जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। उनका आरोप है कि सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक सोसायटी के पास नाले पर अवरोध और संकरी पाइपलाइन के कारण बारिश का पानी नहीं निकल पाता, जिससे हजारों परिवार प्रभावित होते हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

प्रशासन के सख्त रुख के बाद क्षेत्रवासियों ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जताई।

## देश के वीर सपूत को अंतिम सलाम: राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए शहीद चंद्र मोहन सिंह

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** असम राइफल्स के वीर जवान एवं नंदग्राम निवासी शहीद चंद्र मोहन सिंह का गुरुवार को हिंडन घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

सैन्य टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, सैन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

अंतिम संस्कार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित तथा 56 फील्ड रेजिमेंट, मेरठ के कर्नल नवीन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।









सभी ने शहीद के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

शहीद अपने पीछे पत्नी मंजू देवी रावत, पुत्र राहुल सिंह रावत तथा पुत्रियां रितिका रावत और यशिका रावत को छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद की पावन स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद चंद्र मोहन सिंह का राष्ट्र के प्रति समर्पण, अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## जनसुनवाई में डीसीपी धवल जायसवाल ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन श्री धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



● अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।